माघ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 266 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
11 मार्च 2024 सोमवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

15 फरवरी से अब तक क्या किया...

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी एसबीआई की दलील, कल तक ही इलेक्टोरल बांड का ब्योरा देने के निर्देश

## राजनीतिक दलों को चंदे का मामला, ज्यादा वक्त मांग रहा था बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुनवाई के दौरान आज भारतीय स्टेट बैंक को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा, और कोर्ट ने उसे कल तक ही पूरी डिटेल देने का आदेश दे दिया। इससे पहले सुनवाई के दौरान एसबीआई की तरफ से पेश सीनियर वकील हरीश साल्वे ने जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा। साल्वे ने कहा कि कोर्ट ने बैंक को बॉन्ड की खरीद की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं, जिसमें खरीदारों के साथ-साथ बॉन्ड की कीमत जैसी जानकारी शामिल है। इसके अलावा राजनीतिक दलों का विवरण, पार्टियों को कितने बॉन्ड मिले यह जानकारी भी देना है, लेकिन समस्या यह है कि जानकारी को निकालने के लिए एक पूरी प्रक्रिया को उलटना पड़ेगा। एसओपी के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि बॉन्ड के खरीदार और बॉन्ड की जानकारी के बीच कोई संबंध ना रखा जाए। हमें यह बताया गया था कि इसे गुप्त रखना है. बॉन्ड खरीदने वाले का नाम और खरीदने की तारीख कोड की गई है, जिसे डिकोड करने में समय लगेगा।




### मुंबई में ही हैं दोनों डीटेल्स तो परेशानी कहां?

एसबीआई की याचिका पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा,' आवेदन में आपने कहा है कि सभी जानकारी सील करके एसबीआई की मुंबई मुख्य शाखा भेज दी गई। मुख्य शाखा में भुगतान की पर्चियां भी भेजी गईं। यानी दोनों विवरण मुंबई में ही हैं, लेकिन, हमने जानकारी का मिलान करने का निर्देश नहीं दिया था, हम तो सिर्फ यह चाहते थे कि एसबीआई डोनर्स की स्पष्ट जानकारी दे। सीजेआई ने स्ब्ब्छ से पूछा कि वह फैसले का अनुपालन क्यों नहीं कर रहे हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा कि सभी विवरण सीलबंद लिफाफे में हैं और बैंक को बस सीलबंद कवर खोलकर विवरण देना है।

### एसबीआई ने दी यह दलील

*बैंक की तरफ से पेश हरीश साल्वे ने कहा कि बॉन्ड खरीदने की तारीख के साथ बॉन्ड बर और उसका विवरण भी देना होगा। इस पर सीजेआई ने पूछा कि जब फैसला 15 फरवरी को सुनाया गया था और आज 11 मार्च हो गया है, तो अब तक फैसले का अनुपालन क्यों नहीं किया गया? साल्वे ने कहा कि हम पूरी सावधानी बरत रहे हैं, ताकी गलत जानकारी देने के लिए हम पर मुकदमा ना हो जाए। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि इसमें मुकदमे की क्या बात है. आपके पास सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं। ज्ञात हो कि 5 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है, जिसमें चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूण, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।*

## टोटके से अटकी उड़ान: विमान के इंजन में सिक्के डाले



**नई दिल्ली।** सफर के दौरान लोग गुड लक के लिए तमाम तरह के टोटके करते हैं। इसी फेर में एक व्यक्ति ने कुछ ऐसा टोटका किया, जिसकी सजा कई लोगों ने भुगती। उसने विमान के इंजन ने सिक्के डाल दिए। इससे उड़ान में 4 घंटे की देरी हो गई। खबरों के मुताबिक चाइना साउदर्न एयरलाइंस फ्लाइट को सान्या से बीजिंग के लिए उड़ान भरनी थी। मगर फ्लाइट अटेंडेंट ने शख्स को रंगे हाथों पकड़ा। पूछने पर पता चला कि उसने इंजन में सिक्के डाल दिए हैं। अब एयरलाइंस ने लोगों की ऐसी हरकतों को लेकर चेतावनी जारी की है।उसने कहा, विमान में सिक्के फेंकने से विमानन सुरक्षा को खतरा होता है और इसके लिए अलग-अलग स्तर की सजा दी जाएगी।

## राहुल की सुरक्षा
## पार्टी के नेता आज करेंगे महाराष्ट्र डीजीपी से मुलाकात

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन में अब कुछ ही शेष रह गए हैं। मणिपुर से 14 जनवरी को इस यात्रा की शुरुआत की गई थी और 17 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। महाराष्ट्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्टी के नेता विजय वाडेट्टीवार, बालासाहेब थोराट और वर्षा गायकवाड़ आज राज्य की डीजीपी रश्मि शुक्ला से मुलाकात करेंगे।

## भाजपा में शामिल हुए अरुणोदय चौबे व बागरी, जोशी पर पेंच

# सुबह के भूले को रास्ते में रोका दिल्ली का यादव पर नया प्लान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस में करीब एक महीने बिताने के बाद आज वापस भाजपा में जाने की राह पर नजर आ रहे दीपक जोशी का मामला अटक गया है। उन्हें 'रास्ते में रोक' दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि हाइकमान से हरी झंडी नहीं मिलने के चलते जोशी की वापसी को स्थगित करना पड़ा। इसके पहले जोशी खुद को सुबह का भूला बताकर भाजपा में वापसी की बात कह रहे थे। बताया जाता है कि हाइकमान इस बात से भी आहत है कि जोशी जब कांग्रेस में गए थे,तब वे अपने पिता की तस्वीर समेत पीसीसी पहुंचे थे, उनके पिता व पूर्व सीएम स्व कैलाश जोशी को भाजपा का संत नेता कहा जाता था। हालांकि कांग्रेस के टिकट पर वे विस चुनाव में वे हार गये, तभी से वे मोहभंग की स्थिति में माने जा रहे थे। भाजपा के घर वापसी अभियान में उन पर निगाहें थीं लेकिन पार्टी हाइकमान अनमना था।

**यादव की महासचिव से चर्चा:** इधर कांग्रेस नेता अरूण यादव के बारे में कांग्रेस ने नये सिरे से विचार किया है। दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के पहले आज मप्र के वरिष्ठ नेता व ओबीसी फेस यादव को हाइकमान ने दिल्ली बुलाया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस यादव को गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ आजमाने पर विचार कर रही है। चूंकि गुना में भाजपा का ओबीसी प्रयोग बीते चुनाव में कारगर हो चुका है, जिसमें तब सिंधिया चुनाव हार बैठे थे, इसलिये कांग्रेस अरूण यादव को उम्मीदवार बनाने पर विचार में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो आज या कल इसका ऐलान भी हो सकता है। आज दिल्ली में यादव की प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह से मुलाकात है। दरअसल यादव को लेकर बीते कुछ दिनों से यह अटकलें भी हैं कि वे कांग्रेस छोड सकते हैं, यह अटकल कुछ बड़े नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद बढी हैं, इसके चलते भी हाइकमान यादव को लेकर फिक्रमंद हुआ है। जानकारों का मानना है कि यादव खुद खंडवा से चुनाव नहीं लड़ना चाहते,क्योंकि वहां की सियासी परिस्थिति व कांग्रेस के अंदरखाने विवादों के चलते खुद को सहज नहीं मान रहे हैं।इससे पहले पार्टी उन्हें बुधनी में शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ भी आजमा चुकी है।

पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे तथा पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी को सीएम मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने भाजपा की अ ााज सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, नागर सिंह चौहान व भाजपा न्यू जॉइनिंग कमेटी के संयोजक डॉ नरोत्तम मिश्रा मौजूद थे।





**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज केन बेतवा व कालीसिंध-चंबल जल कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसकेअलावा ठाकरे सभागार में उन्होंने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया तथा पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिये क्रमपूर्व पदोन्नति भी दी।



### मोदी ने किया शिवपुरी की ड्रोन दीदी का सम्मान


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले की ड्रोन दीदी किशोरी को सम्मान पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों से आई महिलाओं को ड्रोन का भी वितरण किया। बता दें कि इस कार्यक्रम में प्रदेश से 102 महिलाएं भी वर्चुअली जुड़ी, जिन्होंने भोपाल में एक साथ ड्रोन उड़ाकर रिकॉर्ड बनाया। यह कार्यक्रम नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पल्स रिसर्च सेंटर, फंदा में आयोजित किया गया।



## सुक्खू-सिंह साथ नजर आए, भड़के बागी बोले-बस्ती भी गिरानी है मातम भी मनाना है

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश की सियासत में भारी उथल-पुथल के बाद पहली बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह जब एक मंच पर साथ नजर आए तो विक्रमादित्य के बदले सुर देखकर सभी चौंके। उन्होंने राज्य में सरकार गिराने की साजिश में इंटेलिजेंस फेलियर को जिम्मेदार ठहराया। मगर कांग्रेस के एक बागी विधायक ने अब विक्रमादित्य पर निशाना साधा है। दरअसल कुछ दिन पहले ही हिमाचल प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी। इसके बाद कांग्रेस सरकार संकट में आ गई थी,तब बागी विधायकों को अयोग्य ठहराकर संकट से बचा गया है। इसी का हवाला देकर विक्रमादित्य ने कहा कि उन पुलिस व जिला अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिनकी वजह से इंटेलिजेंस फेल हुआ था। इसी पर बागी विधायक सुधीर शर्मा ने नाम लिए बगैर विक्रमादित्य पर बड़ा हमला बोला, उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि ' जो हमारे साथ थे अब वो एजेंसियों पर तंज कस रहे है. कैसे कैसे ऐसे वैसे हो गए, ऐसे वैसे कैसे कैसे हो गए।' शर्मा ने लिखा- और यह उनके लिए जो एफआई कर रहे है, 'इस दौर-ए-सियासत का इतना सा फसान है, बस्ती भी जलानी है, मातम भी मनाना है।'





## भीषण सड़क हादसा: स्टेपनी बदलते 6 लोगों को कुचला

**रेवाड़ी, एजेंसी।**

हरियाणा के रेवाड़ी में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ,जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हो गए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करके लौट रहे थे। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दिल्ली सीमा के पास स्थित एक सोसायटी के निवासी थे। इसमें ड्राइवर विजय, शिखा, पूनम, नीलम और रंजना कपूर की जान चली गई। सभी लोग एक-दूसरे के पड़ोस में रहते हैं और इनोवा बुक करके दिल्ली से निकले थे। लौटते वक्त रेवाड़ी से धारूहेड़ा रोड पर उनकी कार पंक्चर हो गई। ड्राइवर व अन्य लोग पंक्चर हुई स्टेपनी को बदलने का प्रयास कर रहे थे। कुछ लोग सड़क किनारे गाड़ी के पास बैठे थे और कुछ लोग गाड़ी के अंदर बैठे थे। इसी बीच एसयूवी ने टक्कर मार दी।



**मेट्रो एंकर**

## सियासी दुश्मन का मैदान मुश्किल बनाया टीएमसी ने

# दीदी के लिए बैटिंग करने को अधीर हैं पठान!

**कोलकाता, एजेंसी।**

बंगाल में सत्तारूढतृणमूल कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए गुजरात के रहने वाले क्रिकेटर युसूफ पठान को राज्य की बहरामपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाकर नया पैंतरा चला है। इस कार्ड के जरिये उन्होंने अपने घोर सियासी दुश्मन व कांग्रेस नेता अधीररंजन चौधरी को सीधी चुनौती दी है। अधीर 24 साल से यहां सांसद हैं। अब पठान के आने से मुस्लिम वोट के बंटवारे का खतरा पैदा हो गया है जो अब तक अधीर का सहयोगी रहा है। ममता ने हाल में सौरव गांगुली ने भी मुलाकात की थी। दिलचस्प यह है कि भाजपा भी क्रिकेटर मो.शमी को बशीरहाट से चुनाव लड़ने का न्योता दिया है। उधर कोलकाता की टीएमसी रैली में युसूफ पठान मौजूद थे। रैली में उन्होंने थम्स अप करके लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। रैली के बाद युसूफ पठान की मुलाकात मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हुई। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से बहरामपुर का टिकट मिलने के बाद युसूफ पठान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि मैं ममता बनर्जी का सदैव आभारी हूं, कि उन्होंने टीएमसी परिवार में मेरा स्वागत किया और संसद में लोगों की आवाज बनने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। मैं लोगों के प्रतिनिधि के रूप में, गरीबों और वंचितों का उत्थान के काम करूंगा। पठान गुजरात के वडोदरा शहर से ताल्लुक रखते हैं। उनका बचपन काफी गरीबी में बीता है। उनके पिता पुरानी मस्जिद में रहते थे। मांडवी की इसी मस्जिद युसुफ और इरफान का बचपन बीता। युसूफ एनीमल लवर के तौर पर जाने जाते हैं। पठान परिवार में अभी तक कोई राजनीति में नहीं गया है।





### बहरामपुर की सियासी पिच?

*बहरामपुर सीट से अभी कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी सांसद हैं। कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का नेता बनाया था। काफी विवादों के बाद भी पार्टी ने उन्हें लोकसभा में नेता के पद पर बरकरार रखा था। बहरामपुर सीट के समीकरण की बात करें तो यह सीट मुर्शीदाबाद जिले में आती है। इस सीट पर कुल मतदाताओं में 66 फीसदी मुस्लिम हैं। चौधरी 1999 से लगातार जीतते आ रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने ममता बनर्जी से बढ़ती तनातनी के बीच कहा था कि मैं चुनाव लड़कर और जीतकर यहां तक पहुंचा हूं। जानता हूं कि कैसे लड़ना है और कैसे जीतना है। 2019 के चुनावों में अधीर रजंन को 45.43 फीसदी वोट मिले थे। तृणमूल कांग्रेस को 39.23 फीसदी, बीजेपी को 10.99फीसद वोट मिले थे। टीएमसी के मुस्लिम कार्ड से अधीर रंजन की जीत अधर में अटकने की संभावना जताई जा रही है।*

## निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

निर्वाचन आयोग में रिक्त पड़े चुनाव आयुक्त के दो पदों को भरने के लिए पंद्रह मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैठक होगी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मांग की गई है कि केंद्र सरकार नए कानून चुनाव आयुक्त (सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति न होने दे। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं। सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही निर्वाचन आयोग में इकलौती सदस्य रह गए हैं।



## व्याख्यान एवं रामचरित का मंचन



भोपाल। कुक्कुट भवन सभागार में विक्रमादित्य ग्रुप का इंस्टीट्यूशन के होन हार विद्यार्थियों द्वारा राम उत्सव राम एक राष्ट्र पुरुष पर व्याख्यान एवं रामचरित का मंचन किया गया जिसमें रामोत्सव मंचन मे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान जो कि विष्णु के सातवें अवतार है उन्होंने क्रेता युग में रावण का संहार करने के लिए धरती पर अवतार लिया। फोटो निर्मल व्यास

# सेल्फी पाइंट न बन जाए नया एयरपोर्ट!

**भोपाल/जबलपुर, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के जबलपुर व ग्वालियर एयरपोर्ट का कायाकल्प हो गया है, यह बडे और ज्यादा व्यस्थित हो गये हैं। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट के बारे में वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ ने लिखा है- 'इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और समाजवादी नेता स्वर्गीय शरद यादव की याद आ गई। जब जबलपुर रेल जोन की सौगात देने तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, रेल मंत्री रामविलास पासवान, उड्डयन मंत्री चांद महल इब्राहिम, खाद्य मंत्री शरद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह साथ आये थे। तब के मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह भी यहां थे। रेल जोन की उपलब्धि के बाद हवाई अड्डे की भी बात उठी थी, तब शरद यादव ने तुरंत उड्डयन मंत्री इब्राहिम से डुमना हवाई अड्डे के उन्नयन की घोषणा की। इतना ही नहीं शरद के प्रयास से पहली किश्त में मोटी रकम मंजूर और जारी कर दी। दिग्विजय सिंह ने भी राज्य सरकार की ओर से पूरा समर्थन किया। केंद्र सरकार के रक्षा मंत्री को भी पत्र लिख कर बहुत सारी अनुमति दिलवाने में सहयोग किया। उसी काल में सबसे पहले हवाई पट्टी का विस्तार शुरू भी हुआ। टर्मिनल भवन को दुरुस्त भी किया गया। सांसद रहे राकेश सिंह ने इस



काम को जारी रखने के सार्थक प्रयास किये। मगर अब जरूरत है हवाई सेवाओं की। जो इस वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। सभी मौजूदा नेता अब जबलपुर से दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे, नागपुर, कोलकाता की नियमित उड़ानें शुरू करवाएं तभी बेहतर है अन्यथा आशंका है कि यह हवाई अड्डा सेल्फी पॉइंट न बन जाये।'



### बोर्ड के सामने रखे गए हैं तीन सेंचुरी बनाने समेत अन्य प्रस्ताव

# वाइल्डलाइफ बोर्ड की बैठक में आज लिए जा सकते हैं कई अहम निर्णय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नई सरकार में पहली बार हो रही राज्य वाइल्डलाइफ बोर्ड की पहली बैठक में सोमवार शाम तक कई अहम निर्णय लिए जा सकते हैं। इनमें तीन सेंचूरी बनाने का निर्णय भी लिया जा सकता है। ये सेंचूरी हरदा, बुरहानपुर और ओंकारेश्वर में बनाई जानी है। इसके अलावा बोर्ड के पास कुछ रिजर्व क्षेत्रों में सड़कों के चौड़ीकरण का निर्णय, पन्ना में हीरा खदान की अनुमति नहीं दिए जाने पर अंतिम निर्णय आदि लिए जा सकते हैं। बोर्ड की यह बैठक दोपहर 12 मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में शुरू हुई है। जिसमें वन मंत्री नागर सिंह चौहान समेत अन्य सदस्य मौजूद है। उल्लेखनीय है कि राज्य वाइल्डलाइफ बोर्ड का हाल ही में पुर्नगठन हुआ था। जिसके बाद सोमवार को पहली बैठक हो रही है। बोर्ड के सामने 35 से अधिक प्रस्तावों को रखा गया है।





**35** से अधिक प्रस्तावों को रखा बोर्ड के सामने

**04** स्थानों पर हीरे के खनन की अनुमति मांगी थी

#### ये प्रमुख प्रस्ताव भी रखे

- पन्ना टाइगर रिजर्व में एक निजी कंपनी ने 4 स्थानों पर हीरे के खनन की अनुमति मांगी थी। जिसको लेकर सरकार सहमत थी और अनुशंसाओं के साथ उक्त प्रस्ताव को केंद्रीय पर्यावरणीय समिति के समक्ष विचार के लिए भेजा गया था लेकिन समिति ने अनुमति देने से इंकार कर दिया। उक्त प्रस्ताव को बोर्ड के संज्ञान के लिए रखा गया है।
- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से मेलघाट के बीच कॉरिडोर में एक बाहरी कंपनी निर्माण की अनुमति चाहती है इस प्रस्ताव पर भी बोर्ड में चर्चा की जानी है।
- नक्सलियों से लडने और उनके खात्मे के लिए प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में कैंप निर्माण किया जाना है। यह प्रस्ताव भी बोर्ड के सामने रखा है जिस पर सहमति लगभग तय है।
- पचमढ़ी के चौरागढ़ में रोप-वे का निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व में बोर्ड इसे विशेष शर्तों के साथ हरी झंडी दे चुका है लेकिन निर्माण के पहले एक समिति गठित कर रिपोर्ट तलब की थी जो कि अब तक नहीं आई है। बोर्ड के सामने यह प्रस्ताव भी चर्चा के लिए रखा गया है।

# प्रदेश के कई सीसीएफ, डीएफओ राजस्व वसूली में पिछड़े

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के कई सीसीएफ व डीएफओ राजस्व वसूली में पिछड़ रहे हैं। इनकी खिंचाई हाल ही में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने की थी, जिसके बाद ये ये लक्ष्य के अनुरूप वसूली में जुटे हुए है और अवकाश वाले दिनों में अमले को भी परेशान कर रहे हैं।

असल में अन्य विभागों की तरह वन विभाग के अधिकारियों को भी वर्ष में अधिकतम राजस्व लाने के लक्ष्य होते हैं जो कि वन वृत्त व वन मंडलवार दिए गए हैं। जिन्हें कई सीसीएफ व वन मंडलाधिकारी पूरा नहीं कर पाएं हैं।

#### अधिकारियों ने ई-ऑक्शन को बताया जिम्मेदार

जो अधिकारी राजस्व वसूली में पिछड़े हैं उन्होंने विभाग में चल रही ई-ऑक्सन प्रक्रिया को जिम्मेदार बताया है। असल में प्रदेश के जंगलों से काटी गई इमारती लकड़ी को ई-निविदा ऑक्शन के जरिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत बेचा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण खरीदी करने वाले व्यापारी नहीं मिल रहे हैं। जिसकी कई वजह बताई जा रही है। राजस्व लाने में पिछड़े अधिकारियों का दावा है कि व्यापारी ऑनलाइन निविदा के माध्यम से लकड़ी खरीदना सुविधा जनक नहीं मान रहे हैं। वे चाहते हैं कि लकड़ी डिपो पर प्रत्यक्ष बोली वाली व्यवस्था शुरू हो, ताकि वे पहले लकड़ी की गुणवत्ता को देख ले और फिर बोली लगाएं। वहीं कुछ अधिकारियों का कहना है कि इमारती लकड़ी का कारोबार अभी ठंडा है। जब उछाल आएगा तो मांग स्वतः बढ़ जाएगी।

# अभिषेक, पूर्णाहुति और भण्डारे के साथ लक्ष्मीनारायण पूजन



**हिरदाराम नगर।** हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में दो दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण पूजन अर्चन अभिषेक अनुष्ठान का पूर्णाहुति के साथ रविवार को समापन किया गया। सर्व ब्राह्मण साधु संत गौ रक्षा उत्थान समिति द्वारा जनकल्याण और सुख शांति के लिए लगातार 15 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। रविवार को सुबह विघनेश्वर पूजन, रूद्र अभिषेक किया गया वहीं दोपहर में श्री यंत्र का अर्चन, अभिषेक और विधिवत पूजन की गई। शाम को हवन में पूर्णाहुति और महाआरती की गई। इसके बाद भण्डारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज वर्मा, पंडित रघुवीर प्रसाद चौबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। पंडित रघुवीर प्रसाद ने कहा कि जगत के पालनहार श्रीहरि विष्णु की पूजन अर्चन करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम में बबीता वर्मा, डॉ. दीप्ति शुक्ला, डॉ. संजीव शुक्ला, रवि मिश्रा, प्रभा गोनगे, संतोष सेन, प्रदीप राजपूत, मिलन शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सिंधी कवि-साहित्कार जयपुर जाएंगे सेमिनार में भाग लेने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

राजस्थान सिंधी साहित्य अकादमी ने जयपुर में एक दिवसीय लेखक सेमीनार और अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन के साथ विभिन्न साहित्यिक प्रतिष्ठापूर्ण प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लेखकों/ लेखिकाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने का आयोजन 13 मार्च 2024 को किया है। संत हिरदाराम नगर भोपाल से नारी लच्छवाणी, भगवान बाबाणी, कनयो शेवाणी अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन में शिरकत करेंगे और समीक्षा लच्छवाणी को अखिल भारतीय सिंधी कहानी लेखन (युवा वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। कवि सम्मेलन का संचालन नारी लच्छवाणी करेंगे। जबकि, अजमेर के जानेमाने साहित्यकार तथा शायर ढोलण राही अध्यक्षता करेंगे।

### आरएसके ने लघु उद्योग निगम प्रबंधन संचालक को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

# स्कूल में पहुंचाया फर्नीचर निकला खराब, वेण्डर के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बेहतर फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाएं मुहैया कराने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शालाओं में लघु उद्योग निगम के माध्यम से फर्नीचर (डेस्क एवं बेंच) भेजने की व्यवस्था की गई है। इसी बीच अअब कुछ स्कूलों में खराब फर्नीचर पहुंचाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद आरएसके ने लघु उद्योग निगम प्रबंधन संचालक को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही बेण्डर के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की बात कही है।

#### यह है पूरा मामला

आरएसके द्वारा लघु उद्योग निगम प्रबंधन संचालक को लिखे गए पत्र में गया है कि हरदा जिले में 60 माध्यमिक शालाओं में 3141 फर्नीचर (डेस्क एवं बेंच) भेजे गए हैं। जिसमें डेस्क-92, बेंच 36 खराब स्थिति के पाए गए है। प्रदायकर्ता द्वारा डेस्क-80, बैंच-27 बदल दी गई हैं। फर्नीचर सेट को निर्धारित मानक, गुणवत्ता, सुदृ? अच्छी स्थिति एवं शालाओं हेतु निर्धारित फर्नीचर संख्या अनुसार प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें। संबंधित प्रदायकर्ता (बेण्डर) के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जाना उचित होगा। इसी प्रकार की स्थिति यदि अन्य जिलों में भी हो तो उक्तानुसार सही गुणवत्ता का फर्नीचर बदल कर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।



भोपाल के छत्रसाल नगर में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का लोकार्पण मंत्री विश्वास सारंग ने किया।

**मेट्रो एंकर** | सिंधी भक्ति गीतों की प्रस्तुति, विशेष पूजा अर्चना होगी

# 4 दिवसीय विक्रमादित्य महोत्सव 15 से, आएंगे हास्य कलाकार प्यासी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव की संतनगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। चार दिवसीय महोत्सव मनाया जाएगा। सिंधी हास्य कलाकार एवं सिंधी भक्ति गीतों को प्रस्तुत करने वाले परमानंद प्यारी दो दिन प्रस्तुतियों देने संतनगर आएंगे।

राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर तेजवानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजना किया गया, जिसमें तय किया गया कि 15 मार्च को रात 9 बजे भगत मोहनलाल एण्ड पार्टी द्वारा सिंधी गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। पहले दिन का प्रोग्राम समाजसेवी प्रेमचंद तेजवानी, नारीमल नरियानी एवं रूपचंद रायचंदानी की स्मृति में होगा। जबकि, 16 मार्च को चार दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ टेम्पल आफ सम्बोधि के वेदांत संत एवं विचारक लाल साईं महाराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया



जाएगा। सुबह 10 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। जबकि अध्यक्षता एमआईसी सदस्य पार्षद राजेश हिंगोरानी करेंगे। वार्ड 5 के पार्षद अशोक मारन, अभा सिंधी समाज के राष्टीय अध्यक्ष कैलाश आसूदानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी विशेष अतिथि होंगे।

#### वासवानी पार्क में भव्य आयोजन

तेजवानी ने बताया कि 16 मार्च को ही शाम 4.30 बजे से संजू व बलराम एवं श्री रमेश एण्ड पार्टी का सिंधी बहिराणा साहिबत प्रोग्राम होगा जबकि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सिंधी भक्ति गीत संगीत एवं हास्य कलाकार परमानंद प्यासी गुजरात द्वारा 16 मार्च को रात 8 बजे साधु वासवानी स्कूल पार्क में भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 17 मार्च को शाम 5 बजे से भगत मोहनलाल एण्ड पार्टी का प्रोग्राम होगा जबकि 18 मार्च को सुबह 10 बजे भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी समापन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।


समावेशी एवं चहुंमुखी विकास
की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
केन-बेतवा एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल
जल कलश यात्रा का शुभारंभ
एवं
नियुक्ति पत्रों का वितरण
तथा
पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए
क्रमपूर्व पदोन्नति प्रदान
प्रात: 10:00 बजे
एवं
"स्पार्क MP"
विकसित मध्यप्रदेश - विकसित भारत
कार्यक्रम का शुभारंभ
अपराह्न 3:00 बजे
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प को पूरा करने की ओर मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।
प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि को और उन्नत बनाने की दिशा में साकार होने जा रहीं दो बड़ी राष्ट्रीय परियोजनाएं केन-बेतवा लिंक एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
11 मार्च, 2024 - कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल
₹44,605 करोड़ की लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना से 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, 41 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल
₹35 हजार करोड़ की पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र में 3.37 लाख हेक्टेयर में सिंचाई का विस्तार, 3 लाख से अधिक परिवार होंगे लाभान्वित
परिश्रमी और जन-सेवा के लिए हमेशा तत्पर पुलिसकर्मियों को नक्सल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्यप्रदेश सरकार करती है सम्मानित
"विकसित मध्यप्रदेश - विकसित भारत" के लक्ष्य की ओर "स्पार्क MP 2024" प्रदेश के युवा उद्यमियों एवं यंग अचीवर्स पर केन्द्रित आयोजन
D-11241/23
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन

## सुविचार

अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है, जो जिंदगी भर आपके काम आती है।
-अज्ञात

## संपादकीय

# आलोचना का अधिकार

चार दिन पहले दो ऐसी घटनायें एक ही दिन हुई जो संयोग भी है और उल्लेखनीय भी बन गया। मामला असहमति और आलोचना के अधिकार का था। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर में थे। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जे के बाद यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा थी। लिहाजा पीएम की बातों पर सभी की निगाहें थीं। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर फैसले की और इसके बाद के पांच वर्षों में हासिल उपलब्धियों का जिक्र किया। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला ने इसके बाद प्रधानमंत्री के दावों से असहमति जता दी संयोग से उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि नागरिकों को अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के फैसले की आलोचना करने का पूरा अधिकार है। लिहाजा यह घटनाएं भले अलग-अलग हुई हों और सीधे तौर पर एक -दूसरे से जुड़ी न दिख रही हों, लेकिन इनसे निकलने वाला संदेश अहम है। यह भारतीय लोकतंत्र में निहित व्यापकता की, विविधताओं के बीच गुंथी एकता के लिए बनी गुंजाइश की ओर संकेत करता है। संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने की मांग बहुत पुरानी थी। भाजपा शुरू से ही इस अनुच्छेद का विरोध करती रही है। हालांकि सर्वसम्मति नहीं बन पाने की वजह से भाजपा सत्ता में होने के बावजूद वाजपेयी सरकार के दौरान यह फैसला नहीं करवा पाई थी। ऐसे में स्वाभाविक है कि मौजूदा मोदी सरकार इसे अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखती है और अक्सर इस मसले पर आक्रामक रुख अपनाए नजर आती है। दूसरी तरफ जम्मू -कश्मीर की लगभग सभी प्रमुख पार्टियां इस फैसले का विरोध करती रही हैं। इस फैसले की संवैधानिक वैधता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि कोर्ट ने फैसले को संवैधानिक तौर पर वैध करार दिया है, लेकिन फिर भी इन पार्टियों के नेता अपने रुख पर कायम हैं। इस बार भी इन दलों ने प्रधानमंत्री के दावों को गलत बताते हुए उनसे असहमति जताई। पेच यह है कि एक-दूसरे पर हमला करते हुए राजनीति की इन दोनों धाराओं के कुछ लोग एक-दूसरे की निष्ठा और देशभक्ति पर भी सवाल उठाने लगते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, वह इस संदर्भ में खासा अहम हो जाता है। अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को काला दिवस बताने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसा करना कोई अपराध नहीं है। देश के हर नागरिक को इस फैसले से असहमति जताने, इस पर असंतोष प्रकट करने या इसका विरोध करने का पूरा अधिकार है। साफ है कि इस फैसले ने राजनीति की अलग-अलग धाराओं के लिए जगह सुनिश्चित करते हुए उनकी सीमाएं भी स्पष्ट कर दी हैं। लिहाजा यह कहा जा सकता है कि इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट ने फिर देश में संवैधानिक मूल्यों को मजबूती दी है। भारतीय लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि आलोचना को भी जगह मिलती है। दरअसल आलोचनाओं को देखने के नजरिये भी बहुत कुछ निर्भर करता है यदि इसे सकारात्मक रूप से लिया जाए तो सुधार की राह बन जाती है। हालांकि आलोचना का स्तर भी सकारात्मक पुट लिये हो तो इसका असर भी जल्द होता है।

## आज का इतिहास

- **1996** – सैटेनिक वर्सेज के लेखक सलमान रुश्दी के ख़िलाफ़ फ़तवा को ईरान ने वापस लिया।
- **1999** – इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो नशदाक (ह्वस्ढ्ढक़) अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।
- **2001** – संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान का एशिया के चार देशों की यात्रा पाकिस्तान से प्रारम्भ, अन्नान कश्मीर पर भारत के रुख़ से सहमत, बौद्ध प्रतिमाओं के ध्वंस के संबंध में तालिबान ने अन्नान का अनुरोध ठुकराया।
- **2004** – स्पेन में तीन रेलवे स्टेशनों पर हुए बम विस्फोटों में 190 मरे, 1200 घायल।
- **2006** - यूनानी संसद ने दाह-संस्कार को अनुमति देने वाले क़ानून को बहुमत से पारित किया।
- **2008** - मेघालय में 8वीं विधान सभा के 57 सदस्यों ने शपथ ली। उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों में विनियोग विधेयक ध्वनि मत से पारित हुआ।
- **पाकिस्तान** के लाहौर में दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।
- **2011**– भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने उड़ीसा के समुद्र तट पर 350 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली धनुष और पृथ्वी मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।
- **1915** - विजय हज़ारे - भारत के जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी थे।
- **1925** - मदनसिंह मतवाले - हैदराबाद रियासत के साथ संघर्ष करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक।
- **1927** - वी. शांता - रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता भारतीय महिला चिकित्सक थीं।
- **1939** – सुदर्शन साहू - प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार हैं।
- **1942** - अमरिंदर सिंह - पंजाब के मुख्यमंत्री
- **1951** - डॉ. अशोक बंसल - जानेमाने भारतीय पत्रकार और लेखक हैं।
- **1954** - विनोद दुआ - प्रसिद्ध भारतीय समाचार वक्ता, हिंदी टेलीविजन पत्रकार एवं कार्यक्रम निर्देशक थे।
- **1961** - मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान - अबु धाबी के राजकुमार।

## निशाना

### नहीं है आता नाम !



– कृष्णेन्द्र राय

लिस्ट हो रही जारी ।
नहीं है आता नाम ।।
लगातार हैं चर्चा में ।
चल रहा अभी काम ।।
है बनता है हक़ ।
हो रही पर देर ।।
अंदर से आवाज़ उठी ।
क्यों इतनी अंधेर ।।
हास्यास्पद है स्थिति ।
बिगड़ी ना पर बात ।।
थी छोटी सी इच्छा ।
ना हो वज्रपात ।।
आएगी खुशखबरी ।
है पर इंतज़ार ।।
किधर से भी हो सकता ।
जल्द चमत्कार ।।

# लगता है...: एक और परिवार मोदी सरकार की गारंटी का ले रहा है पूरा आनंद

■ रामचंद्र गुहा

विगत एक मार्च, 2024 को, द हिंदू के ऑनलाइन संस्करण में जागृति चंद्रा की एक रिपोर्ट इस शीर्षक के साथ छपी –'अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग पार्टी के लिए जामनगर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिला'। उसमें बताया गया कि कैसे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित जामनगर के छोटे हवाई अड्डे को 25 फरवरी से 5 मार्च तक, दस दिनों के लिए 'अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' घोषित किया गया था। ऐसा तीन दिवसीय प्री-वेडिंग पार्टी में बिल गेट्स, मार्क जुकरबर्ग, रिहाना, इवांका ट्रंप और कई पूर्व प्रधानमंत्रियों जैसे वैश्विक दिग्गजों का स्वागत करने के लिए किया गया था। मैंने जागृति चंद्रा की प्रभावशाली रिपोर्ट पढ़ी और फिर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां देखने गया। जैसा कि इस समय अपेक्षित था, एक तरफ, सरकार के समर्थकों द्वारा कहा गया कि कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तानी आगंतुकों की सुविधा के लिए 2011 में चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर भी ऐसा ही किया था। लेकिन तब ऐसा क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए किया गया था, कोई निजी शादी नहीं थी। एक तर्क यह भी था कि अंबानी परिवार ने हजारों भारतीयों को रोजगार दिया और दूसरा तर्क यह कि ऐसा इसलिए किया गया, ताकि आने वाले विशिष्ट अतिथियों को उचित सम्मान और सुरक्षा दी जा सके। दूसरी ओर, सोशल मीडिया के एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की –'अडानी और अंबानी के लिए भारत में जीवन स्वर्ग जैसा है और हममें से बाकी लोगों के लिए यह नरक है।'

**एक अन्य ने टिप्पणी की :** 'वसुधैव कुटुंबकम', जिसका अर्थ है 'दुनिया एक परिवार है', जैसी महान कहावत को 'मैं, मेरे अमीर दोस्त और उनके मित्र एक परिवार हैं' के रूप में फिर से लिखा गया है। एक दूसरी टिप्पणी की गई कि जामनगर हवाई अड्डे का नया स्वरूप इसलिए प्रभावित हुआ, क्योंकि 'एक युवा अमीर बच्चा दुनिया भर से कुछ प्रसिद्ध लोगों को आमंत्रित करके अपने निजी चिड़ियाघर का प्रदर्शन करना चाहता है।' जिस निजी चिड़ियाघर का उल्लेख किया गया है, वह 'राधा कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट' नामक संगठन द्वारा चलाया जाता है। इस ट्रस्ट और इसकी गतिविधियों को 2021 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके सक्षम बनाया गया था, जिससे निजी चिड़ियाघरों के निर्माण और हाथी जैसी लुप्तप्राय जंगली प्रजातियों को पकड़ने, कहीं लाने-ले जाने और बिक्री को प्रोत्साहित करने की अनुमति मिली। लेखिका और वन्यजीव संरक्षणवादी प्रेरणा सिंह बिंद्रा के अनुसार, पहले के कानून ने स्पष्ट रूप से संरक्षित प्रजातियों के व्यावसायिक लेन-देन को नकार दिया था, लेकिन अब संशोधन के बाद जीवित बंदी हाथियों को इस सामान्य निषेध से बाहर रखा गया है, जिससे उनकी व्यावसायिक खरीद-बिक्री जैसी एक बड़ी खामी रह गई है। यह एक संरक्षित जंगली जानवर हाथी को व्यापार योग्य वस्तु के रूप में पेश करता है और इसलिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के उद्देश्य और भावना के विपरीत है। यह कानून में गंभीर विसंगति है, जिसे ठीक किया जाना चाहिए। जून 2022 में न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में एक ही महीने में आठ मामलों का जिक्र किया गया था, जहां कथित तौर पर तस्कर गिरोहों द्वारा असम से जंगली हाथियों की तस्करी के लिए जाली हस्ताक्षरों का उपयोग करके नकली अनापत्ति प्रमाण पत्र बनाने का प्रयास किया गया था। इनमें से सात मामलों में जामनगर में अंबानी द्वारा संचालित ट्रस्ट के लिए हाथियों के परिवहन के प्रयास किए गए थे। फरवरी, 2024 के अंतिम सप्ताह में अनंत अंबानी ने दावा किया कि राधा कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट में अब दो सौ से अधिक 'बचाए गए' हाथी हैं।



हालांकि, ऐसी अटकले हैं कि इनमें से अधिकतर हाथियों को कथित तौर पर अवैध रूप से जंगल में पकड़ लिया गया था और बाद में बिचौलियों की मदद से 'खरीदा' गया था। एक पशु अधिकार कार्यकर्ता ने मुझसे कहा कि जंगली प्रजातियों को घर देने, पुनर्वास करने और देखभाल करने के उनके प्रयासों का स्वागत होना चाहिए, लेकिन इसने पूर्वोत्तर से सैकड़ों हाथियों को अंबानियों तक ले जाने के लिए पुरानी पशु तस्करी नेटवर्क योजना को फिर से सक्रिय किया है। सम्मानित पारिस्थितिकी विज्ञानी रवि चेल्लम ने अंबानी चिड़ियाघर की तुलना एक व्यक्तिगत 'स्टांप संग्रह' से की है, जो वन्यजीव संरक्षण के वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्देश्यों में कोई भी महत्वपूर्ण योगदान नहीं देता है। वन्यजीव वैज्ञानिकों ने तीन सवाल उठाए हैं। सबसे पहले, इतने सारे जंगली हाथियों को जामनगर में क्यों ले जाया गया, जो एक शुष्क औद्योगिक क्षेत्र है और इस वन-प्रेमी जानवर की भलाई के लिए बिल्कुल अनुपयुक्त है? दूसरा, इसे सुविधाजनक बनाने के लिए एक समानांतर नियामक प्रणाली क्यों बनाई गई? तीसरा, हाथियों को सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक आवासों में ऐसी सुविधाएं बनाने के लिए राज्य के वन विभागों के साथ काम क्यों नहीं किया गया? जब मैं छोटा था, तो तब के कांग्रेस शासन का वामपंथी आलोचकों द्वारा 'टाटा/बिड़ला सरकार' कहकर उपहास किया जाता था।

फिर भी निश्चित रूप से 1950 और 1960 के दशक में अपने प्रभाव और शक्ति के चरम पर जे.आर.डी. टाटा या घनश्याम दास बिड़ला ने भी कभी नहीं सोचा होगा कि वे जवाहरलाल नेहरू या इंदिरा गांधी से अपने कारखानों के निकटतम हवाई अड्डे को पारिवारिक विवाह के लिए 'अंतरराष्ट्रीय दर्जा' दिलवा सकते हैं, न ही वे उन्हें एकल परिवार चिड़ियाघर के पक्ष में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम को मौलिक रूप से बदलने के लिए राजी कर सकते थे। लेकिन अब चीजें अब बिल्कुल अलग हो गई हैं। जैसा कि अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यम ने तर्क दिया है, एक समान खेल का मैदान बनाने, जिसमें सभी उद्यमियों को सफल होने का समान मौका मिले, सरकार ने हाल के वर्षों में एक नए तरह के पूंजीवाद को बढ़ावा दिया है। दो औद्योगिक घरानों, अदानियों और अंबानियों की किस्मत में शानदार वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण सरकारी नीतियां हैं, जिन्होंने उन्हें बंदरगाहों, हवाई अड्डों, स्वच्छ और गंदी ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल्स और दूरसंचार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान बनाने की अनुमति दी है। भारत में विपक्षी राजनेताओं ने उनमें से एक 'ए' यानी अदानी की मोदी शासन से निकटता पर अपनी निगाहें जमा ली हैं। फिर भी, जैसा कि जामनगर हवाई अड्डे के मामलों और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन से पता चलता है, अंबानी के पास भी सरकार को इच्छानुसार झुकाने की तुलनीय क्षमता है। निस्संदेह व्यावसायिक मामलों के साथ-साथ पारिवारिक मामलों में भी अडानी और अंबानी, दोनों ही मोदी सरकार की गारंटी का आनंद लेते हैं।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# मालदीव में पाकिस्तानी खेल समझना भी जरूरी

■ पुष्परंजन

बाईस फरवरी, 2010 की बात है, मालदीव के तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने अपने दिल्ली आगमन के दौरान भारतीय मीडिया को बताया कि मालदीव के युवाओं को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों द्वारा जिहाद के लिए भर्ती किया जा रहा है। डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने संकेत दिया कि लश्कर-ए-तैयबा, जिसे नवंबर, 2008 में मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार माना जाता है, मालदीव में सक्रिय था। उस समय भारतीय खुफिया ब्यूरो के सूत्रों के हवाले से बताया कि पाक समर्थित समूह के लगभग लगभग एक हजार कार्यकर्ता मालदीव में सक्रिय थे।

वहीद ने कट्टरपंथी संस्थानों में भाग लेने वाले संदिग्ध युवाओं को वाया भारत आने से रोकने के लिए सहायता मांगी थी। तत्कालीन उपराष्ट्रपति के प्रेस सचिव मोहम्मद जुहैर ने तब कहा था कि पाकिस्तान में 200 से 300 अपंजीकृत मालदीवियन छात्र हैं। ऐसे कई संदिग्ध वाया कोलंबो या कोच्चि मालदीव में एंट्री लेते हैं। तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने जो कुछ फरवरी, 2010 में कहा था, वो बात आई-गई हो गई। न तो पाकिस्तान का शासन जिहादियों को तैयार करने से रोक सका, और भारत तो बस मूकदर्शक की भूमिका में था। मालदीव-पाकिस्तान के संबंधों को समझना है तो वहां की संसद को देखिये, जिसका निर्माण पाकिस्तान ने 45 मिलियन रुपये लगाकर किया था। माले के मागू स्थित पार्लियामेंट 'मज़लिस' का उद्घाटन 1 अगस्त, 1998 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की उपस्थिति में किया गया था। उसके 19 साल बाद, 25 जून, 2017 को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी पत्नी कलसूम नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था। नवाज़ को दोबारा मालदीव बुलाने से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन 7 मई, 2015 को इस्लामाबाद भी गये थे। देखते-देखते मालदीव, पाकिस्तान का हम प्याला-हम निवाला बन गया। राष्ट्रपति यामीन ने जिन देशों में अपने दूत भेजे, उनमें पाकिस्तान भी शामिल था। पाक सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने मार्च, 2018 के अंत में मालदीव का दौरा किया था। इस समय पाकिस्तान में मालदीव के अधिकांश छात्र देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में डिग्री और पाठ्यक्रम कर रहे हैं। स्थानीय दूतावास और मालदीव सरकार के रिकॉर्ड के आधार पर पंजीकरण के अनुसार, उनकी संख्या सैकड़ों में है, जो 400 से 600 अपंजीकृत तालिब मदरसों में दीक्षा ले रहे हैं, वो पूरे उपमहाद्वीप के लिए ख़तरनाक हो सकते हैं।




1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना। भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाये रखा। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की ज़रूरत थी। आप मानें न मानें पाकिस्तान, चीन, सऊदी अरब और तुर्की का नेक्सस की भूमिका दिल्ली से माले के संबंध बिगाड़ने में दरपेश रही है। बात भी सही है। भारत क्या पड़ोस से खुफिया जानकारी जुटाने में पीछे रहा है? या उसके एक्शन प्लान में कोई खोट है? इन सवालों का बेहतर उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता। चीन-मालदीव मैत्री पुल मालूम नहीं दिल्ली को कब दिखा। मालदीव की राजधानी माले को हुलहुले द्वीप से जोड़ने वाले पुल, 'क्रॉस-सी ब्रिज', का उद्घाटन 30 अगस्त, 2018 को किया गया था। जब यह पुल बना, उन दिनों मुइज्जू माले के मेयर थे। बताते हैं कि उसी कालखंड में चीनी राजदूत से उनकी नज़दीकियां बढ़ी थीं। यह चीन की वन बेल्ट रोड इनीशिएटिव की शुरुआत थी, मगर अफसोस नई दिल्ली चीनी कूटनीति की रफ्तार को समझ नहीं पाया।

पाकिस्तान द्वारा निर्मित मालदीव की संसद और चीन द्वारा निर्मित एक ऐसा पुल, जो माले को हुलहुले द्वीप से जोड़कर वहां की साढ़े चार लाख की आबादी में छवि निर्माण कर रहा था। बावजूद इस ख़बर के, हम 2024 तक लगभग सोये रहे। 18 मई, 2023 को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा पर थे। यात्रा के दौरान मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) को एक फास्ट पेट्रोल जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट जहाज सौंपा। उथुरु थिला फाल्हू में एकथा हार्बर के निर्माण की आधारशिला रखी। तब राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत और मालदीव के बढ़ते रक्षा सहयोग को हम और सुदृढ़ करेंगे। लेकिन हमारी मिल्ट्री इंटेलिजेंस को इसका अनुमान नहीं था कि मालदीव में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद सब कुछ पलट जाने वाला है। मालदीव को भारतीय सहायता की लंबी-चौड़ी फेहरिस्त है। आपदा प्रबंधन से लेकर खोज और बचाव अभियान, हाइड्रोग्राफिक मैपिंग के अलावा दोनों सेनाएं हिंद महासागर रिम एसोसिएशन और गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव जैसे प्लेटफार्मों में भी सहयोग करती हैं। इसके अलावा, भारत ने मालदीव को दिये विमानों को संचालित करने के लिए पायलटों, पर्यवेक्षकों और इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। इससे माले की नीतियों में कोई फर्क़ क्यों नहीं पड़ा, इसकी समीक्षा की ज़रूरत है। यह ख़बर हैरान नहीं करती कि मालदीव ने चीन के साथ एक सैन्य सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू उसी दिशा में आगे बढ़ रहे थे। उनके बयान बार-बार एक ख़ास वोट बैंक को अड्रेस कर रहे थे। मोइज्जू ने अपना रुख दोहराया था कि उनके देश में नागरिक पोशाक में भी भारतीय सैनिकों की उपस्थिति नहीं होगी। पोशाक पहनें या न पहनें, भारतीय सैनिक नहीं रहेंगे, यह मोइज्जू ने दो टूक कह दिया था। 4 मार्च, 2024 को मालदीव के रक्षा प्रमुख मोहम्मद ग़सन मौमून और चीनी अधिकारी मेजर जनरल झांग पाओछुन ने सैन्य सहयोग पर जैसे ही हस्ताक्षर किए, इस्तांबुल से इस्लामाबाद तक का रिएक्शन देखने लायक़ था। सोमवार को राजधानी माले में सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर के समय मंत्रालय द्वारा साझा तस्वीरों में चीनी राजदूत वांग लिशिन भी नजर आ रहे थे। मोइज्जू चीन से रक्षा समझौते में अपनी जीत देख रहे हैं, लेकिन उनका देश एक ऐसी वन-वे सुरंग में घुस चुका है, जहां से निकलना मुश्किल होगा। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मालदीव पर चीन का 1.37 बिलियन डॉलर की देनदारी है, उसके बाद सऊदी अरब (124 मिलियन डॉलर) और भारत (123 मिलियन डॉलर) का वह कर्ज़दार है। चीनी कंपनियों ने मालदीव में 1.37 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त निवेश किया है। इसे भी क़र्ज़ ही मानिये।

**साभार**

**महिला दिवस पर आयोजित कवियत्री सम्मेलन में श्रोता हुए भाव विभोर**

# दुनिया में मीठा कहने से पहले खुद मिश्री से हो जाओ...



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय कवियत्री सम्मेलन एंव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नर्मदा का आव्हान सेवा समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव,अध्यक्षता पार्षद प्रेमा पांडे, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नीरजा फौजदारउपस्थित रही।

देर शाम तक जारी रहे आयोजन में देश के विभिन्न अंचलों से आयी महिला कवियों नेउपस्थित श्रोताओं को अपनी कविता, गीत, गजल, हास्य, व्यंग्य की रचनाओं से भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अतिथि नीतू यादव ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए कार्यक्रम संयोजक केप्टन करैया से कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कवि सम्मेलन की सफलता की कामना की।

अतिथि एवं कवियों का स्वागत श्रीमती निर्मला राय, केप्टिन करैया,हंस राय,बलराम शर्मा, नवीन योगेश सेठा ने फूल-मालाओं से किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।अतिथियों के साथ समिति अध्यक्ष निर्मला हंसराय सचिव केप्टिन करैया ने आंमत्रित कवियत्रियों का फूलमालाओं,स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि नीरजा फौजदार ने कहा मजबूत ओर सशक्त महिलाएं देश की ताकत होती है. हमारी नारी शक्ति ने हर क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रर्दशन किया हैं।अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर नर्मदा आव्हान सेवा समिति देश के विभिन्न अंचलों की 25 कवि यत्रियों को सम्मानित कर रही है।वह बधाई के पात्र है।सर्वप्रथम भोपाल से आई शिवांगी प्रेरणा व्दारा सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ कवयित्री सम्मेलन प्रारंभ हुआ। इंदौर की शीतल देवयानी ने अपनी रचनाओं पर श्रोताओं ने खूब सराहना की।मैहर की मधु माधवी ने ÷मुस्कानों को मीत बनाने मौलश्री से हो जाओ निर्मलता की शपथ अमर लो खुद सुरसरि से हो जाओ कलम उठाकर गीत सुनाने निकले हो गर दुनिया में कुछ मीठा कहने से पहले खुद मिश्री से हो जाओ÷।नागपुर से आई मंजू श्री ने ÷लगाकर शांति का एक स्वर नया सरगम बनाना है,लगाकर सद्भावना का रंग नया एक परचम बनाना है.लगाकर प्रेम की बलिदान की ,ओर त्याग की तस्करी हमें मिलजुल के नारी का नया अलबम बनाना है।

कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान करते हुए ललितपुर से आई मंजू कटारे ने ÷दो पल मिले वो भी हिसाब से,हम ज्यादा न ले सके किस्मत के एकाव से,चाहा तो था हमने तुमसे वक्त पूरा पूरा ,चलते रहे फिर भी तुम्हारे हिसाब से ÷। ने श्रोता तालियां बजाई ओर समां बांधे रखा। नर्मदपुरम की डॉ.ने कहा ÷माँ कहते हो जिस रेवा को,पीड़ा से वो कराह रहीहै,अब तो जागो सोने वालों, यशोदा हमें पुकार रही÷ प्रस्तुत की जिसको श्रोताओं ने खूब सराहा।

भोपाल शिवांगी प्रेरणा ने ÷रुठ जायें अगर तो मनाया करो,पूर्ण मन से ये रिश्ता निभाया करो,भाग्य से इनके रोशन है घर आपका ,बेटियों का हृदय मत दुखाया करो काफी पसंद की।कवयित्री सम्मेलन का दूसरे सत्र मे संचालन कर रही कटनी से रागिनी मित्तल ने ''कर्म हो कर्मशील हो कर्वदा मेरी माँ,गीत सच्चे लिखू सर्वदा मेरी माँ,तेरी नगरी मे आई आशीष दीजिए, मेरे सिर पे हाथ रखिये सर्वदा मेरी माँ खूब वाहवाही लूटी ओर श्रोताओं को खूब हंसाया।

इंदौर की डॉं. किरण पांचाल ने '' करो ना कैद पिंजरे मे उसे अम्बर मे उडने दो न रोको राह तुम उसकी उसे आगे तो बढनें दो।बड़ी उम्मीद से आई जनम बेटी का लेकर के सजे सपने है मंजिल के उसे सीढ़ी तो चढने दो।÷खूब वाहवाही लूटी ओर श्रोताओं को खूब हंसाया। भोपाल की रजनी टाटस्कर ,इटारसी की प्रमिला किरण रेखा कापसे,सुनीता परसाई,ने भी सुंदर प्रस्तुति दी।

**कॉलेज के विद्यार्थी पहुंचे जिला निर्वाचन कार्यालय**

## 'मेरा पहला वोट देश के लिए' के अंतर्गत विद्यार्थियों ने ईवीएम मशीन की जानकारी प्राप्त की



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिदिन विद्यार्थियों को जिला निर्वाचन कार्यालय ले जाकर ईवीएम मशीन से रूबरू कराया जा रहा है।इस कार्य के लिए प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे के निर्देशन में समितियों का गठन किया गया है।जिनके संरक्षण में विद्यार्थियों को ÷मेरा पहला वोट मेरे देश के लिए÷ कार्यक्रम के अंतर्गत अपने मताधिकार हेतु कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो रही है। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को डिसप्ले में रखकर वोट डालने का प्रयोग सिखाया जा रहा है.निर्वाचन नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे ने जानकारी दी कि स्विप कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें यह बताया जा रहा है कि किस प्रकार बटन को दबाकर अपना वोट दे सकते हैं । साथ ही यह प्रक्रिया मतदान प्रणाली को सुगम, समावेशी, और सरल बनाने के लिए ये नए वोटरों और जन सामान्य के लिए एक प्रयोग, प्रदर्शन या अभ्यास माना जा सकता है।इस दौरान कला, विज्ञान और वाणिज्य और विधि संकाय स्नातक के छात्र छात्राओं को क्रमवार जिला कार्यालय ले जाया गया। प्रफुल्ल तिवारी और राजेश शुक्ला प्रशिक्षक रहे।डॉ जे के कमलपुरिया, डॉ रवि उपाध्याय,प्रो जी पी रैकवार,डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे, डॉ जय श्री नंदनवार, डॉ अपूर्वा वर्मा,डॉ नीलू दुबे, डॉ मनीष परिहार, उमेश सेन, नितिन सोनी, मनोज यादव, प्रतीत गौर का सराहनीय सहयोग रहा।अत्यधिक संख्या में विद्यार्थियों ने ई वी एम मशीन में मतदान करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**जिला खनिज अधिकारी ना तो फोन उठाते ना ही अवैध खनन के बारे में देते जानकारी**

# नेता, खनिज विभाग की जुगलबंदी से चल रहा है रेत का अवैध कारोबार !

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**कहने को राजनेता, अधिकारी और समाजसेवी वर्ग एक स्वर में नर्मदा को मां शब्द से संबोधित करते हैं लेकिन नर्मदा के जल के अंदर से निर्ममता पूर्वक सैकड़ो जल जीवों की हत्या करके जिस वहरहमी से से रेत निकली जा रही है उसे देखकर लगता है कि इनके द्वारा नर्मदा को माँ कहना सिर्फ एक ढकोसला है। इन दिनों नर्मदापुरम जिले के तवा और नर्मदा नदी के प्रत्येक घाट से प्रतिदिन लाखों करोड़ों की रेत चोरी हो रही है।नर्मदा को प्रदेश की जीवनदायनी मानने वाले प्रदेश की सत्ता को सुशोभित कर रहे नेतागण भी सिर्फ प्रदेश की जीवन रेखा शब्द को मात्र कहने और लिखने तक ही सीमित मान रहे हैं ।**



नर्मदापुरम जिले में प्रतिदिन करोड़ों की खनिज सम्पदा की चोरी

जो भी कार्रवाई की गई है वह पुलिस राजस्व और परिवहन विभाग द्वारा की गई है। यह बात और है कि इन विभाग के साथ कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग के अधिकारी भी साथ रहते हैं।

प्रदेश के मुखिया का चेहरा बदल गया है लेकिन जो काम पहले हो रहे थे वह काम आज भी हो रहे हैं नर्मदा पुरम जिले में जिस तरह अवैध रेत का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. इस कारोबार को देखते हुए प्रदेश सरकार को कोई नए नियम बनाना चाहिए. सबसे ज्यादा हैरत अंगेज बात तो यह है कि रेत या अन्य खनिज संपदा चोरी करने वाले वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत तो मामला दर्ज करा दिया जाता है लेकिन चोरी संबंधी मामला दर्ज नहीं किया जाता है. जबकि इन वाहनों पर तथा वाहन चलाने वाले पर चोरी का मामला भी दर्ज होना चाहिए. आखिर खनिज विभाग इन पर चोरी का मामला दर्ज क्यों नहीं कराता. इससे साफ नजर आता है कि विभाग इन चोरों को संरक्षण देने पर तुला हुआ है।

सिर्फ नदियों की रेत का ही अवैध उत्खनन नहीं हो रहा है बल्कि कई मिट्टी की खदानों से भी नियम विरुद्ध तरीके से मिट्टी खोदी जा रही है. निर्माण धीन सड़कों में निर्माण धीन कॉलोनी में उपयोग की जा रही मिट्टी आखिर कहां से आ रही है. खनिज विभाग द्वारा जिस मात्रा में मिट्टी खोदने की अनुमति दी जाती है उससे कई गुनी अधिक मात्रा में मिट्टी खोदी जा रही है. इस बात का जवाब खनिज अधिकारी तथा उनके अमले के पास नहीं है और यदि जवाब है भी तो वह जवाब देने से बचते हुए नजर आ रहे हैं।

इस बात में जरा भी अतिशयोक्ति नहीं है कि जिला खनिज अधिकारी और उनके अधीनस्थ खनिज निरीक्षकों से रेत माफिया की साठ गांठ बनी हुई है।

खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम से जब भी दूरभाष पर चर्चा करनी चाहिए तो उन्होंने कभी अपने फोन को रिसीव ही नहीं किया. फोन रिसीव नहीं करने के पीछे सबसे बड़ा कारण जो नजर आ रहा है वह यह है कि वह फोन पर आखिर जवाब भी क्या देते. खनिज अधिकारी के पास दर्जनों शिकायत अवैध खनन से संबंधित है. लेकिन उनके द्वारा कार्यवाही नाम मात्र भी नहीं की जाती है. अभी तक

### कलेक्टर एसपी के बंगले के सामने से धड़ल्ले से गुजरते हैं अवैध रेत के वाहन

बांद्राभान रायपुर मार्ग की ओर से नर्मदा पुरम नगर में रेत सप्लाई करने वाले वाहन जिस गति से कलेक्टर और एसपी बंगले के सामने से गुजरते हैं उस गति को देखकर कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि यह वाहन कभी भी किसी के साथ दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। खासकर वह ट्रैक्टर ट्राली जिनके पास ना तो भाड़ा ढोने संबंधी कोई पंजीयन है. और ना ही इनके पास इस तरह रेत का व्यवसाय करने संबंधी कोई परमिट जारी है. कई ट्रैक्टर पर तो वाहन के नंबर भी दर्ज नहीं है. सिविल लाइन क्षेत्र जहां पर वरिष्ठ अधिकारियों के निवास हैं. इन निवास के सामने से इस तरह वाहन दौड़ते हुए नजर आते हैं, क्या इन अधिकारियों का दायित्व नहीं बनता है कि वह में खनिज संपदा चोरों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करें. वह चाहे तो अपने बंगले के सामने ही इन वाहनों को चेक कराने की व्यवस्था कर सकते हैं.

### मुखिया बदल गए लेकिन खनिज संपदा चोरी का आलम नहीं बदला

विधानसभा चुनाव के पहले कयास लगाये जा रहे थे कि किसी अन्य दल की सरकार बनेगी तो हो सकता है खनिज संपदा चोरी पर कुछ अंकुश लग सके. अन्य दल की सरकार तो नहीं बनी पर सत्ता दल के मुखिया अवश्य बदल गए हैं. पहले शिवराज सिंह चौहान थे अब मोहन यादव हो गए हैं। जिस तरह खनिज संपदा की चोरी नर्मदापुरम जिले में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हो रही थी उसी पैटर्न पर आज भी खनिज संपदा की चोरी मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यकाल में हो रही है।

## तीन दिवसीय महादेव महोत्सव के दूसरे दिन प्रख्यात कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां



**रायसेन ।** रायसेन जिले के विश्व प्रसिद्ध भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय महादेव महोत्सव के दूसरे दिवस उज्जैन की सुश्री कृष्णा वर्मा एवं साथी द्वारा मटकी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत कोलकाता के श्री सुमन साहा के निर्देशन में सती लीला नाट्य की प्रस्तुति, दिल्ली की सुधा रघुरामन एवं साथी द्वारा शिवभक्ति गायन और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भोपाल के ध्वनि ब्रदर्स द्वारा भी भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। महोत्सव के अंतिम दिन 10 मार्च को सुश्री शीला त्रिपाठी एवं साथी, भोपाल द्वारा लोकगायन, सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा महादेव केंद्रित समूह नृत्य एवं सुश्री रक्षा श्रीवास्तव एवं साथी द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जावेगी।

**मेट्रो** **किसानों के पंजीयन तथा उपार्जन की तैयारी की समीक्षा**

# समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए फसल लेकर आने वाले किसानों को नहीं हो कोई परेशानी: कलेक्टर

**सीहोर , दोपहर मेट्रो**

किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए गेहूं उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित कर अब तक किसानों के पंजीयन तथा उपार्जन की तैयारी की समीक्षा की । बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो। उन्होंने कहा कि उपार्जन के दौरान आने वाली किसानों की शिकायतों , समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए ।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि



जिले के सभी 231 उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रहें, ताकि उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सके । उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पीने के पानी, छाया, पार्किंग, बारदाने, तौल- कांटे आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाऐं अच्छी रहें। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर बारदाना, सिलाई मशीन, तौलकांटा की पर्याप्त व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए । गेहूं के भण्डारण के लिए गोदामों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए । गेहूं उपार्जन के पश्चात किसानों को समय पर भुगतान हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए ।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एफएक्यू एवं नान एफएक्यू गेहूं की गुणवत्ता की जांच, तौलपर्ची, ई-उपार्जन व्यवस्था, सर्वेयर की व्यवस्था, धर्मकांटा तौल तथा निर्धारित फार्मेट में आनलाइन भरी जाने वाली जानकारी के संबंध में विस्तार से आवश्यक निर्देश दिए । बैठक में प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी सुनील बोहित सहित सहकारिता, खाद्य, नान, कृषि विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## गर्भवती महिला को जिंदा जलाने के आरोपी जेठ को 36 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

### ग्रामीण तथा चैकीदार की मदद से मिली सफलता



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम गरेठा में जेठ ने घरेलू विवाद में गर्भवती बहू को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था । घटना महिला को जिंदा जलाने की थी इसके बाद एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाकर लगातार आरोपी की खोजबीन कराई 36 घंटे के अंदर दीपनाखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला थाना दीपना खेड़ा के ग्राम गरेंठा में गर्भवती महिला पूजा केवट उम्र 25 साल को उसके जेठ के द्वारा पेट्रोल डाल कर जिंदा जलाने की घटना को अंजाम दिया था इसके बाद महिला की स्थिति गंभीर होने से उसे शासकीय अस्पताल सिरोंज से भोपाल रैफर किया गया था जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। महिला की सास कला बाई केवट के बताए अनुसार उसकी रिपोर्ट पर से धारा 307 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था महिला पूजा केवट की अटल अस्पताल भोपाल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।

अपराध गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला व एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में घटना के बाद अलग अलग टीम बना कर आरोपी राजा उर्फ लल्लू केवट की तलाश लगातार ग्राम व संभावित स्थानों पर दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने की वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी राजा केवट पर इनाम भी घोषित किया गया था नौ मार्च को रात्रि करीब 9 बजे सूचना मिली की आरोपी राजा उर्फ लल्लू केवट भी आग लगते समय झुलस गया था जो अभी ग्राम गरेंठा में अस्पताल के पास देखा गया है। जिसकी गांव में ही अलग अलग टीम बना कर तलाश की गई जो आरोपी राजा केवट को ग्राम चैकीदार इरफान खान एवं बुद्धा केवट द्वारा पकड़ कर सूचना दी गई । जिसको तत्काल गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम व ग्राम के चैकीदार को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है। इनकी रही भूमिका उप निरीक्षक अनुज प्रताप, आरक्षक दीपक सेंगर, प्रधान आरक्षक रामकरण मालवीय, आरक्षक उबेस खान ,आरक्षक अमित खेवरिया, आर अमन गुर्जर की वही ग्राम गरेंठा के निवासी रामपाल ठाकुर, अक्षय राजपूत, ग्राम कोटवारी बुद्धा एवं इरफान की आरोपी को गिरफ्तार कराने में विशेष सहयोग रहा। इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को पर कठोरताम कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि इस तरह के आरोपी के साथ किसी भी तरह की दया नहीं दिखानी चाहिए जिसने गर्भवती बहू को जिंदा जला दिया पेट्रोल डालकर।

### प्रकाश व विकास पर्व मानते हुए विधायक शर्मा ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों को दी सौगात

# किसानों व ग्रामीणों की सुविधा के लिए 3 विद्युत सबस्टेशनों के साथ होगा पक्की सड़कों का निर्माण









सिरोंज, सईद खान, फरहान खान।

विकास और प्रकाश पर्व मनाते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार को क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से अधिक गाँवो के नागरिको की सुविधाओं के लिए विभिन्न विकास कार्यो की सौगाते देते हुए करीब 18 करोड़ से अधिक की निर्माण राशि के भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किए। इस दौरान उन्होंने साढ़े सात करोड़ के तीन बिधुत सबस्टेशन सहित तीन करोड़ से अधिक की राशि से भौरिया गाँव की नदी पर निर्माणधीन नवीन पुल शामिल है। यह पुल बन जाने से मुगलसराय अशोकनगर गरेठा सहित अनेक गाँवो के नागरिकों को बरसात में आवागमन के लिए नदी चढ़ने की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। इसके साथ ही अस्सी लाख की लागत से पामाखेड़ी से चाठोली होते हुए सिरोंज के रोहिलपुरा चैराहे तक डामरीकरण का कार्य शामिल है। पामाखेड़ी मार्ग से यह डामरीकरण हो जाने से चाठोली मार्ग भी सीधे अशोकनगर मार्ग से जुड़ जाएगा ।

दोपहर एक बजे पामाखेड़ी गाँव में विकासकार्यो कई आधारशिला रखने के उपरांत विधायक शर्मा सीधे ग्राम गरेठा पहुँचे थे यहाँ ढाई करोड़ के सब स्टेशन सहित करीब तीन करोड़ के विकास कार्यो की सौगात देते हुए आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज जो यह प्रकाश और विकास पर्व सम्पन्न कर रहे है वह भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार की बदौलत तो हो ही रहे है। लेकिन ईमानदारी से इसका श्रेय कैलाशवासी हम सबके ह्रदय कमल स्व लक्ष्मीकांत शर्मा को जाता है उनके ही द्वारा क्षेत्र के संपूर्ण विकास का जो तानाबाना बुना था उन्ही अधूरे स्वप्न संकल्पों को पूरा करने में उनकी बनाई योजनाओं को धरातल पर साकार हम सब मिलकर कर रहे है।

उन्होंने पुराने दौर को याद करते हुए कहा कि एक जमाना था जब इस मार्ग पर आनाजाना बड़ा दुष्कर माना जाता था ज्बा लक्ष्मीकांत जी पहली बार विधायक चुने गए थे तब इस क्षेत्र के लोगो ने सड़के नही बल्कि एकमात्र धानोदा की पुलिया की माँग की थी लेकिन लक्ष्मीकांत जी ने केवल पुलिया बनबाई जैसे जैसे उनकी कलम में ताकत आती गई जन्होने पूरे क्षेत्र के एक एक गाँव को पक्की सड़क के माध्यम से शहर से जोडने का काम किया था। ओर लगातार हम इस दिशा में काम कर रहे है और यह सब सम्भव हो रहा है भारतीय जनता पार्टी की संगठन की अंत्योदय के कल्याण की विचारधारा से सम्भव हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो कहा वह करके दिखलाया है उन्होंने देश की जनता को नौ गारंटी ओर नौ आग्रह किए है पूरा देश के नागरिकों को नरेंद्र मोदी ने अपना परिवार माना है वही परिवारवाद से चलने वाली कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के नेता मोदी को अपमानित करने ओर देश को जाति धर्म मजहब के नाम पर बॉटने में लगे है । नरेन्द्र मोदी ने ज्बा से कश्मीर से धारा 370 हटाई है तब से वहाँ आतंकवाद का नाम नही सुनाई देता और अब वहां की जनता विकास के पथ पर प्रगतिवान समाज मे शामिल हो रही है। उन्होंने मंच से गुंडा तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि में सज्जन शक्ति की रक्षा में ओर सिरोंज लटेरी के विकास के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दूँगा। पूरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है लक्ष्मीकांत जी ने भाजपा और जनता जनार्दन की सेवा करते हुए अपने प्राणों को त्याग दिया वेशे ही मेरी भी मनोकामना है कि में भी सिरोंज लटेरी की देवतुल्य जनता की सेवा करते हुए ही अपने प्राण त्यागू।

वही एसडीएम हर्षल चैधरी ने भी सिरोंज की प्रगति में जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि के द्वारा विकास की बनाई गई योजनाओं को धरातल पर साकार करने में प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, एसडीओपी उमेश तिवारी सहित प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण के साथ स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

### गरेठा, पगरानी, इमलानी में बनेंगे सबस्टेशन

रविवार को हुए 18 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो की सौगातों में गरेठा सहित पगरानी ओर इमलानी के विधुत सबस्टेशन शामिल है। करीब सात करोड़ से अधिक की राशि से बनने वाले इन सबस्टेशनों से करीब 25-25 गाँव के किसान लाभान्वित तो होंगे ही वही कम बोल्टेज ओर लोड के कारण बार बार तार टूटने की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा अनेक गाँवो में भी विधायक शर्मा के प्रयासों से विधुत लाइन की दुरुस्ती के लिए राशि स्वीकृत हुई है। उल्लेखनीय है कि पहले सिरोंज क्षेत्र में केवल एक बगरोदा सब स्टेशन होता था जिससे शहर सहित ग्रामीण अंचल में बिजली सप्लाई होती थी लेकिन पिव मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने धीरे धीरे बिजली के न्यम् सब स्टेशन बनवाकर लोड कम करने का प्रयास किया था ऐसे में उमकान्त शर्मा के प्रयासों से एक साथ विकास खंड में तीन ओर विधानसभा में कुल छह सबस्टेशन स्वीकृत करवाएं है। इसके अलाबा इन्होंने भोरिया में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्य की सौगात दी जिसमें तीन करोड़ की लागत से भोरिया नदी पर बन रहे पुल सहित सीसी सड़कें व अन्य कार्य शामिल है। इस तरह ग्राम देवपुर, रतनबर्री,नरखेड़ा, पगरानी, इमलानी में कुल करीब पंद्रह करोड़ से अधिक के विकास कार्य शामिल है। इन निर्माण कार्यो में अनेक पंप फिटर पर क्षमता वृद्धि, शान्तिधाम निर्माण, गौशाला निर्माण के साथ गाँवो की सीसी सड़कें व विकास कार्य शामिल है।

## 'कब्रिस्तानों को सुरक्षित करना बोर्ड की ही नहीं हम सबकी भी है जिम्मेदारी'



**सिरोंज।** विदिशा वकफिया संपत्ति पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए जिला वक्फ कमेटी की टीम ने रविवार को विदिशा जिले की बासौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम उदयपुर का दौरा किया जहां जिला वक्फ कमेटी ने वक्फिया कब्रिस्तान और मस्जिदों का जायजा लिया इस दौरान उदयपुर के लोगों से भी वाकफिया संपत्ति की सुरक्षा करने और उनके आसपास साफ सफाई रखने की मांग की गौरतलब है कि लगातार वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण की शिकायत बढ़ रही हैं जिसको लेकर पूर्व में बोर्ड में भी शिकायत प्राप्त हुई थी वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार जिला वक्फ कमेटी की टीम ने उदयपुर के कब्रिस्तानों का जायजा लिया कहा की कब्रस्तान अतिक्रमण की चपेट में है यदि उन्हें सुरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह कब्रिस्तान खुर्द बुर्द हो जाएंगे और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाएंगे। इस दौरान जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी, सचिव आमीन मंसूरी, सह सचिव डॉ रजी खान का स्थानीय लोगो ने फूल माला डालकर स्वागत भी किया डॉक्टर रजी खान ने कहा कि वक्फ बोर्ड की संपत्ति को सुरक्षित करना सिर्फ बोर्ड का ही काम नहीं बल्कि हम सब का काम है हर एक को इसके लिए आगे आना चाइए हमें आगे से आकर बोर्ड की संपत्ति को सुरक्षित रखना चाहिए कब्रिस्तान की तार फेंसिंग बाउंड्री करना चाहिए और साफ सफाई रखना चाहिए।



## विधायक शर्मा का आरोन में पुष्प वर्षा, तिलक लगा कर किया स्वागत,कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा जी आरोन नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर तिलक लगाकर विधायक उमाकांत शर्मा का जोरदार स्वागत किया अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक श्री शर्मा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं नवनिर्मित भगवान मदन मोहन एवं शिव पंचायत के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें आचार्य पंडित पुरुषोत्तम शर्मा एवं पंडित परशुराम शर्मा और नेपाल से पधारे पहाड़ी बाबा के सानिध्य में साधु संतों का विधायक उमाकांत शर्मा जी ने फूल मालाओं से स्वागत किया इस महाशिवरात्रि की पावन बेला पर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया और पूजा अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया इस अवसर पर भाजपा लटेरी मंडल के अध्यक्ष राजेश सिंह यादव, गोविंद शर्मा, रुस्तम खान श्रीमती अनीता जैन सोनू जैन मनोज शर्मा गोविंदपुर, सुनील शर्मा रामबाबू पाल अनिल दुबे श्याम टांडेल, लखन सिंह रघुवंशी, सैकड़ो लोगों ने धर्म लाभ अर्जित किया ।

## मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल हितग्राही के खाते में डाली राशि



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को सीएम डां, मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से सबल योजना के हितग्राहियों के खाते में दो दो लाख रुपए डाले जिनकी मृत्यु हो गई थी उनको अनुग्रह सहायता राशि 2 लख रुपए का भुगतान किया गया है। नगर के 12 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाने के लिए नगर पालिका ने बड़े हॉल में बड़ी स्क्रीन लगाई थी वहीं नगर पालिका मे स्वीकृति पत्र वितरण किए इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, सचिन शर्मा, आदि मौजूद थे। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया की शासन द्वारा समय-समय पर संबल के पात्र हितग्राहियों के खातों में पैसा डाला जाता है ।

**मेट्रो एंकर**

### केद्रों का कागजों में हो रहा है संचालन, ग्रामीणों को प्राइवेट डॉक्टरों से कराना पड़ रहा है इलाज

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के कई दिनों तक नहीं खुलते हैं ताले, जिम्मेदार बेखबर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। दूसरी ओर उनके प्रयासों पर पानी फेरने का काम भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा किया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को स्थापित किया गया यहां पर एक एस एचो , एएनएम की पदस्थापना की गई हैं उनके द्वारा अपने काम को पूरी ईमानदारी से नहीं किया जा रहा है इस वजह से ज्यादातर केदो का संचालन केवल कागजों में ही हो रहा है। ग्रामीणों को उपचार के लिए हर महीने हजारों की दवाएं भी इनको प्रदान की जा रही है पर इनका लाभ ग्रामीणों को मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिनके द्वारा जांच के बाद दबाए प्रदान करनी है वहां केदो पर जाते ही नहीं है वह खुद के निजी क्लीनिक शहर में चला रहे हैं। इस वजह से ग्रामीणों को अपना उपचार करवाने के लिए प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। सरकार की मनसा पर भी पानी फेरने का काम स्वास्थ्य विभाग के ही जिम्मेदार ते हुए नजर आ रहे हैं । विकासखंड में कहने के लिए 36 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालित हो रहे हैं पर इनमें से अधिकांश का संचालन केवल कागजों में ही हो रहा है धरातल पर इनके कई दिनों तक ताले ही नहीं खुलते हैं एक तरफ इनको मंदिरा से जोड़कर नाम दिया है उसे नाम को भी खराब करने का काम स्वास्थ्य विभाग के अमले के द्वारा किया जा रहा है। इसके पीछे शासन की मनसा है कि इनका संचालन नियमित रूप से हो सुबह-शाम में ताले जिनकी ड्यूटी इन केदो पर निर्धारित है वहां बैठकर ग्रामीणों का उपचार करें पर ऐसा नहीं हो रहा है । विकासखंड में इन केदो का संचालन खानापूर्ति के लिए जरूर किया जा रहा है , इस वजह से ग्रामीणों को सरकारी पैसा खर्च होने के बाद भी उसका लाभ नहीं मिल पा रहा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से लेकर जिम्मेदारी के द्वारा भी लापरवाही से काम करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अमले पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है । ना ही इनकी मनमानी रोकने कदम उठाए जा रहा है इसी वजह से इनके ताले कई दिनों तक नहीं खुलते हैं।





### स्टाफ खुद के चल रहे है क्लिनिक

खाने के लिए तो 36 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन हो रहा है इनमें पदस्थ अधिकांश स्टाफ स्टाफ के द्वारा शहर में रहकर स्वयं के निजी क्लीनिक संचालित करके वहां पर मरीजों से मोटी रकम वसूलने का काम जरूर किया जा रहा है ।इस वजह से गांव में जाना उचित यहां उचित समझते शनिवार को नगर से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर संचालित होने वाले पामखेडी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सुबह 10 कर 15 मिनट पर भी ताले नहीं खुले थे और शाम 4रू00 बजे देखा तब भी ताले बंद था इसी तरह मुगलसराय के केंद्र के ताले भी नहीं खुले हुए थे। यहां पर तो एक ग्रामीण ने अपना सामान भी रख लिया है । ग्रामीण ने बताया कि इनके तले कभी कबार खुलते हैं सिर्फ खाना पूर्ति करने के लिए यह चल रहे हैं इनका लाभ हम लोगों को नहीं मिल रहा है शासन के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है जब इनका नाम मंदिर से जोड़ कर रखा गया है तो प्रतिदिन इनको खुलना चाहिए और हम ग्रामीणों को उपचार की सुविधा का लाभ भी मिलना चाहिए पर ऐसा नहीं हो रहा है। लापरवाही से काम करने वाले स्टाफ पर किसी भी तरह की कार्रवाई करने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कभी करने आते नहीं है। इस वजह से केवल कागजों में ही चल रहे हैं।

### नहीं होता है निरीक्षण

ग्रामीणों ने बताया कि कभी कबार ताले खोल कर खाना पूर्ति कर दी जाती है। जिनके कंधों पर इनकी जांच पड़ताल करने की जिम्मेदारी है वहां भी कभी जाते नहीं है। इस वजह से इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तैनात स्टॉफ के द्वारा मनमानी की जा रही है। यदि समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इनकी जांच पड़ताल की जाती तो यहां पर तैनात अमले में डर भी होता पर ऐसा नहीं हो रहा है। कई ग्रामीणों को तो इनमें आने वाले स्टाफ की जानकारी भी नहीं है उनका कहना है कि हमने इनको कभी देखा ही नहीं है स्टाफ के द्वारा दूसरे गांव में जाने की जानकारी देकर खाना पूर्ति कर दी जाती है और हर महीने दवाई भी मरीज के नाम पर लेकर उनका भी दुरुपयोग की जा रहा है।

### प्राइवेट डॉक्टर से करना पड़ता है इलाज

जब इनके ताले नहीं खुलते हैं तो मजबूरी में ग्रामीणों को अपना उपचार झोला तथा प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर अपना उपचार करवाना पड़ता है के बदले में इनको मोटी राशि भी खर्च करनी पड़ती है गरीब मरीज तो कई बार दर्द और बीमारी के कारण गांव में ही तड़पते रहते हैं। जबकि सरकार के द्वारा ग्रामीणों को शहर तथा निजी डॉक्टर से उपचार करवाने के लिए न जाना पड़े इसीलिए इन केदो का संचालन करवाया जा रहा है। 36 में से शायद ही कोई ऐसा केंद्र हो जिसके ताले नियमित रूप से खुलते हो इनको बनाने में लाखों रुपए की राशि खर्च की गई है। स्टाफ के नाम पर भी हर महीने लाखों रुपए निकाल रहे हैं दावों के लिए पैसे खर्च किए जा रहे हैं । दूसरी ओर लाभ एक पैसे का भी ग्रामीणों को मिलते हुए दिखाई नहीं दे रहा अव देखना है कि लापरवाही से काम करने वाले स्टाफ पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों तथा क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों के द्वारा कितने ठोस कदम उठाए जाएंगे या नहीं।

### इनका कहना है -

*नियमित रूप से इनके ताले खुलने चाहिए स्टाफ भी यहां पर बैठे पर ऐसा नहीं हो रहा है कभी कबार ही ताले खुलने हैं। इस वजह से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा। जिम्मेदारों अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।*

*वीरेंद्र पालीवाल पूर्व सरपंच मुगलसराय*

*आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन केवल कागज में हो रहा है किसी भी केंद्र के ताले नहीं खुलते हैं। स्टाफ खुद के क्लीनिक चलाए जा रहे दवाएं बेचने का काम किया जा रहा है। जिम्मेदार आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं, टैक्स के पैसे का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है इसमें जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो हम आंदोलन भी करेंगे।*

***सुरेंद्र रघुवंशी** कांग्रेस नेता सिरोंज*

*स्टाफ नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा है तो हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे साथ ही स्टाफ को नोटिस देकर जवाब भी मांगेंगे सभी के नियमित रूप से ताले खुले स्टॉप बैठे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए तो उनको स्थापित किया गया।*

***विकास सिंह** बीएमओ सिरोंज*

# विमेंस हॉकी नेशनल चैंपियनशिप से सीनियर टीम का चयन होगा

## 13 मार्च से होगा टूर्नामेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

13 मार्च से पुणे में होने वाली विमेंस नेशनल चैंपियनशिप नेशनल टीम में सिलेक्शन ट्रायल के रूप में होगी। इसमें से ही नेशनल टीम के लिए नए खिलाड़ियों की चयन होगा। नेशनल टूर्नामेंट 13 से 23 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। नेशनल विमेंस हॉकी को पिछले कुछ महीनों में खराब प्रदर्शन और निराशाओं का सामना करना पड़ा है। इस साल रांची में हुए ओलिंपिक क्वालिफायर्स में भी टीम पेरिस का टिकट नहीं ले सकी। हॉकी इंडिया की प्रेस रीलीज में तिर्की ने कहा, टूर्नामेंट में 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की भागीदारी होगी, जिसमें भारतीय टीम के सदस्य अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। हॉकी इंडिया के सिलेक्टर्स सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे, उनकी सिफारिश के आधार पर हम नए कोर ग्रुप का चयन करेंगे।

### वर्ल्ड कप 2026 और 2028 ओलिंपिक पर फोकस

तिर्की ने कहा, हर किसी को जगह बनाने के लिए अपना बेस्ट देना होगा। हमें अब 2026 में एफआई विमेंस वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने और होने वाले ओलंपिक की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारत में बहुत प्रतिभा है, नेशनल चैम्पियनशिप नई प्रतिभाओं की पहचान करने का एक महत्वपूर्ण मंच है और हमें उन्हें मुख्य स्तर पर लाने के लिए घरेलू ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत है।

### विमेंस हॉकी को बढ़ाने के लिए लीग फॉर्मेट लाएंगे

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि विमेंस हॉकी खिलाड़ियों के लिए एक घरेलू लीग पर भी काम चल रहा है। वे बोले, हम डोमेस्टिक कैलेंडर में कुछ नए टूर्नामेंट शुरू करने पर विचार कर रहे हैं, खासकर महिला हॉकी के डेवलपमेंट के लिए, यह लीग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नेशनल इवेंट में जगह बनाने का मौका दे सकती है। अब फिर से टीम बनाने और भविष्य में निवेश पर ध्यान देने का समय आ गया है।



### टीम की कोच जेनेक शोपमैन ने हाल ही में दिया इस्तीफा

भारतीय विमेंस हॉकी टीम की कोच जेनेक शोपमैन ने हाल ही में अपनी पोस्ट से रिजाइन दे दिया था।उन्हें पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय टीम के क्वालिफाई नहीं कर पाने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। जनवरी 2024 में रांची में आयोजित एफआईएच ओलिंपिक क्वालीफायर्स में भारतीय टीम पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सकी। ऐसे में हेड कोच की आलोचना हो रही थी। उनका कॉन्ट्रैक्ट जून-जुलाई में एक्सपायर होने वाला था, लेकिन उन्होंने समय से पहले रिजाइन दे दिया।

### बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे

# इंग्लैंड के एजबेस्टन मैदान पर 3 जुलाई से होगा टी-20 लीग

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान पर 3 जुलाई से होगा टी-20 लीग इंग्लैंड में साथ खेलते नजर आएंगे युवराज, अफरीदी और पीटरसन अगर आप युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी या केविन पीटरसन जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। ये सितारे एक साथ टी-20 लीग खेलते नजर आएंगे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स नाम की लीग में ये खिलाड़ी अगली गर्मियों में इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान में उतरेंगे। लीग की शुरुआत 3 जुलाई से होगी।



### बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे

इस लीग में भारत, पाकिस्तान और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी ऐसे खिलाड़ी शिरकत कर सकेंगे जो या तो रिटायर हो चुके हैं या इस समय किसी बोर्ड के कॉन्ट्रैक्ट में नहीं बंधे हैं। बॉलीवुड फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनी जबावा एंटरटेनमेंट इस टूर्नामेंट को ऑर्गेनाइज कर रही है।

### 90 और 2000 के दशक के सितारे दिखेंगे

जबावा के डायरेक्ट हर्षित तोमर ने कहा- इस लीग में वैसे खिलाड़ी खेलेंगे जिनके दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं। इन खिलाड़ियों ने 90 और 2000 के दशक में अलग-अलग देशों में अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता है। डब्ल्यूसीएल के प्लेटफॉर्म पर दर्शकों को इन्हें फिर से देखने का मौका मिलेगा। युवराज, अफरीदी और पीटरसन से कॉन्ट्रैक्ट हो चुका है। बाकी सितारों के नाम की घोषणा भी जल्द होगी।

### टी-20 क्रिकेट के पहले पावर हिटर हैं युवराज

भारतीय सितारे युवराज सिंह की गिनती टी-20 क्रिकेट में पावरहिटिंग की शुरुआत करने वाले बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के जमाए थे। युवराज इस फॉर्मेट के इंटरनेशनल क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। वहीं शाहिद अफरीदी ने 1996 में नैरोबी में श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक जमाया था। लंबे अरसे तक यह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड था।

### बीसीसीआई ने टेस्ट प्लेयर्स की मैच फीस बढ़ाई

# सीजन में 75 फीसदी मैच खेलने वाले खिलाड़ी को एक मैच के 45 लाख रुपए मिलेंगे




**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टेस्ट खेलने वाले अपने खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सीजन के 75 फीसदी मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक टेस्ट खेलने के 45 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 50 फीसदी से 74 फीसदी खेलने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख मिलेंगे। बीसीसीआई ने यह ऐलान टीम इंडिया के धर्मशाला टेस्ट जीतने के बाद किया। यह मैच फीस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अलावा मिलेगी। हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की ओर आकर्षित करने के लिए फीस बढ़ाने के साथ-साथ इंसेंटिव राशि बढ़ाने की बात कही गई थी। बीसीसीआई की योजना आईपीएल 2024 के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी और इंसेंटिव स्कीम को लागू करने की थी। बोर्ड ने धर्मशाला जीत के बाद ही ऐलान कर दिया। भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया।

### कई खिलाड़ी टी-20 खेलने में लगे

पिछले दिनों बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों को लेकर वॉर्निंग दी थी। बोर्ड ने कहा था कि जो खिलाड़ी फिट हैं और नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा। इसके बावजूद ईशान किशन, क्रुणाल पंड्या और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों ने अपने स्टेट के लिए रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेला। ईशान, क्रुणाल और चाहर ने फरवरी में ही आईपीएल की तैयारी करना शुरू कर दिया। ईशान मुंबई इंडियंस, पंड्या लखनऊ सुपरजायंट्स और चाहर चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलते हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# दिल्ली में करीबियों के बीच होगी कृति-पुलकित की शादी! 13 मार्च से शुरू होंगे प्री-वेडिंग फंक्शन

पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर छाए हुए हैं। इस साल जनवरी में दोनों की रोका सेरेमनी हुई। इसके बाद से फैंस को इनकी शादी का इंतजार है, जिसकी तारीख का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। आए दिन लोग कपल की शादी की तारीख को लेकर अटकलें लगाते रहते हैं। अब खबर आ रही है कि पुलकित और कृति की शादी दिल्ली में होगी और कपल चार दिन का प्री-वेडिंग कार्यक्रम भी रखेंगे। आइए जानते हैं कि कृति-पुलकित की शादी में और क्या खास होने वाला है। पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा जल्द ही पति-पत्नी बनने वाले हैं। कपल साल 2019 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलकित और कृति की शादी दिल्ली में होगी। जोड़े के लिए शादी से पहले का फंक्शन 13 मार्च से शुरू होकर 16 मार्च तक चलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कृति और पुलकित 15 मार्च को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी दिल्ली में होने वाली है। बता दें कि इसके पीछे का कारण यह है कि दिल्ली में दोनों कलाकारों का जन्म हुआ




था। हालांकि कृति बाद में बेंगलुरु चली गईं, लेकिन पुलकित का परिवार अभी भी दिल्ली में रहता है। खबरों की मानें तो पुलकित और कृति चाहते हैं कि उनकी शादी काफी प्राइवेट तरीके से हो। ऐसे में कई बॉलीवुड हस्तियां इस शादी का हिस्सा नहीं बनेंगी। हालांकि, पुलकित 'फुकरे' के कलाकारों को अपनी शादी में जरूर इनवाइट करने वाले हैं। सभी लोग अगले सप्ताह दिल्ली में जोड़े के विवाह में शामिल होने वाले हैं। हाल ही में, इस कपल की शादी का कार्ड ऑनलाइन लीक हो गया। कार्ड पर लिखा है, अपनी टीम के साथ जश्न मनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते! लव, पुलकित और कृति। हालांकि, कपल द्वारा शादी की आधिकारिक घोषणा की जानी बाकी है।

### रश्मिका बोली-पहले से ज्यादा बड़ी फिल्म होगी 'पुष्पा-2'

रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म है। वहीं अब एक्ट्रेस ने अपनी इस सीक्वल फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है साथ ही फैंस से एक वादा भी किया है. रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था. इस फिल्म का फीवर दर्शकों के सिर चढ़कर बोला था और इसी के साथ 'पुष्पा' ने देश और दुनिया में रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की थी. वहीं फैंस अब 'पुष्पा 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. वहीं एक इंटरव्यू में फिल्म में लीड रोल प्ले कर रहीं एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने 'पुष्पा 2' को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका ने 'पुष्पा 2' बारे में बात की और वादा किया कि सुकुमार निर्देशित फिल्म पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होगी. रश्मिका ने कहा, यह बहुत अच्छी चल रही है. हमें फिल्म बनाने में लगभग 50 से ज्यादा दिन हो चुके हैं और अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन जैसा कि मैं हमेशा अपने दर्शकों से वादा करती रहती हूं कि यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होने वाली है. इसमें बहुत मेहनत की गई है और डिटेल्स पर काफी ध्यान दिया गया है।

# एक्टर रवि किशन बोले- मुझे हिन्दी सिनेमा में कम आंका गया, यूं कहें कि कम काबिल समझा...



भोजपुरी एक्टर और सांसद रवि किशन इन दिनों अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' को लेकर चर्चा में है। एक्टर ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री में कम आंका गया या यूं कहें कि कम काबिल समझा गया। उन्होंने कहा- डायरेक्टर किरण राव और आमिर खान साहब को मैं धन्यवाद देना चाहूंगा। रवि किशन शुक्ला राजनैतिक जीवन और सिनेमाई दुनिया के बीच सामंजस्य बिठाए हुए हैं। कभी उन्हें सदन में भाषण देते सुना जाता है तो कभी वह पर्दे पर पावरफुल किरदार निभाते नजर आ जाते हैं। हालांकि, उनका मानना है कि हिंदी सिनेमा में उन्हें कम आंका गया। अभिनेता से नेता बने कलाकार देश की खिलाफत वाली कोई फिल्म नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने अपने शब्दकोश में गाली-गलौच की जगह और भी बहुत कुछ जमा कर रखा है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' को लेकर, जिसमें उनका पुलिसिया अंदाज देखने को मिलेगा। बीते दिनों उन्होंने हमारे रिपोर्टर यश दीक्षित से खास बातचीत की।



### चुनाव के चलते इधर नहीं करूंगा शूटिंग

दाढ़ी रखने और हटाने के सवाल पर एक्टर ने कहा कि मुझे दाढ़ी पसंद है। कई बार किरदार की डिमांड के चलते क्लीन शेव होना पड़ता है। वो हमारे काम का हिस्सा है। इस फिल्म के लिए मुझे दाढ़ी हटानी पड़ी थी। घर पर पत्नी कहती हैं कि आप दाढ़ी में बिल्कुल साधु लगते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिल्में नहीं देखते हैं। हालांकि, मैंने उनको अपनी फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का ट्रेलर दिखाया है। यह पैन इंडिया फिल्म है, जो कि पांच भाषाओं में रिलीज होगी। इसकी शूटिंग भी हमने वहीं की थी। योगीजी को उसका ट्रेलर पसंद आया है। हो सकता है कि वह यह फिल्म देखें। अब इधर चुनाव का दबाव ज्यादा है। इस वजह से फिल्मों की शूटिंग से पूरी तरह से दूरी बना ली है। कुछ चीजें पाइपलाइन में थीं, जिनसे फिलहाल कुछ समय के लिए ब्रेक लिया हुआ है।



**मेट्रो बाजार**

# टैक्स-छूट के लिए 31 तक कर सकते हैं स्कीम में निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

नया साल 2024 शुरू हो चुका है इस साल आपको कई जरूरी काम निपटाने हैं। इन्हीं कामों में से एक है वित्त वर्ष के लिए टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट। ये इन्वेस्टमेंट आपको 31 मार्च 2024 तक करना है। अगर आप सेफ इन्वेस्टमेंट के साथ टैक्स भी बचाना चाहते हैं तो पीपीएफ, टाइम डिपॉजिट और सुकन्या स्कीम सहित पोस्ट ऑफिस की 5 स्कीम्स हैं निवेश कर सकते हैं। बता दें कि इन स्कीम्स ने टैक्स बचाने के साथ ही 8.2 फीसदी तक का रिटर्न भी पा सकेंगे। 60 साल या उससे अधिक आयु के बाद अकाउंट खोला जा सकता है। वीआरएस लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। स्कीम के तहत 5 साल के लिए पैसा निवेश किया जा सकता है। मैच्योरिटी के बाद इस स्कीम को 3 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।




योजना के तहत आप अधिकतम 30 लाख रुपए तक का निवेश कर सकते हैं। इसके तहत अकाउंट किसी बच्ची के जन्म लेने के बाद 10 साल की उम्र से पहले ही खोला जा सकता है। आप केवल 250 रुपए में ये खाता खुलवा सकते हैं। इसमें सालाना 8.2 फीसदी की दर से ब्याज दिया जा रहा है जो फिक्स्ड डिपॉजिट से ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिकतम 1.5 लाख रुपए जमा कराए जा सकते हैं। अकाउंट किसी पोस्ट ऑफिस या बैंक की अधिकृत शाखा में खोला जा सकता है। वहीं पोस्ट ऑफिस पब्लिक प्रॉविडेंट फंड खातों में जमा राशि पर फिलहाल 7.1 फीसदी ब्याज मिल रहा है। जमा पर ब्याज कैलकुलेशन सालाना आधार पर किया जाता हैं, जिसका अर्थ है कि इसे हर साल मूलधन में जोड़ा जाता है। पीपीएफ छूट की ईईई कैटेगरी के अंतर्गत आता है। इसका मतलब यह है कि रिटर्न, मैच्योरिटी राशि और ब्याज से इनकम पर इनकम टैक्स छूट मिलती है।

# एयरटेल का मार्केट-कैप 38,728 करोड़ बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 7 की वैल्यूएशन में पिछले हफ्ते कंबाइन रूप से 71,301.34 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। इसमें भारती एयरटेल टॉप गेनर रही है। इसके मार्केट वैल्यू में इस दौरान 38,726.67 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर अब 6.78 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एयरटेल के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीएस और एसबीआई मार्केट में पिछले हफ्ते गेनर रहे हैं। वहीं, मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 15,391.94 करोड़ गिरा है। इसके अलावा, इंफोसिस और लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का मार्केट कैप इस दौरान कम हुआ है। मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है। मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है।

सम्मान समारोह




भोपाल के भोजपुर क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला उद्यमी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# भगत की कोठी और रेवांचल एक्सप्रेस में सफर के दौरान दो युवकों के मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में मुसाफिरों के सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। भगत की कोठी और रेवांचल एक्सप्रेस में सफर कर रहे दो युवकों के कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गए। जीआरपी भोपाल और रानी कमलापति ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान के लिए स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं।



फाइल फोटो

जीआरपी के मुताबिक कोरबा छत्तीसगढ़ निवासी संजीव कुमार पिछले दिनों भगत की कोठी एक्सप्रेस में अपने छोटे भाई प्रकाश जायसवाल के साथ सीहोर की यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब पौने नौ बजे ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इस बीच संजीव की नजर पड़ी तो सीट पर रखा उनका ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन गायब हो चुका था। चोरी हुए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है। सीहोर से वापस लौटने के बाद उन्होंने जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

इधर रेवांचल एक्सप्रेस में सीट पर रखा एक युवक का मोबाइल चोरी हो गया। जीआरपी ने बताया कि सतना निवासी आयुष कुशवाह अपने दोस्त के साथ रेवांचल एक्सप्रेस से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन से उतरने के बाद वह बाहर निकला तो पता चला कि उसका मोबाइल सीट पर छूट गया है। आयुष ने वापस जाकर देखा तो सीट पर रखा उसका 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन गायब हो चुका था। उसने दोस्त के मोबाइल से अपने मोबाइल पर फोन लगाया तो वह स्विचआफ हो चुका था। बाद में उसने जीआरपी थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस दोनों ही मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया गेट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रविवार शाम हुए इस हादसे की सूचना देरी से मिली थी। आज पुलिस की टीम घटनास्थल का निरीक्षण करने जाएगी और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालेगी।

पुलिस के अनुसार कमलू पाटिल पिता सूरज पाटिल (22) सतनामी नगर, बंगरसिया में रहता था और मजदूरी करता था। रविवार शाम करीब सात बजे के आसपास उसे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। बंगरसिया गेट के पास से उसे एंबुलेंस जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची थी। अस्पताल में प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए एम्स पहुंचा दिया था। परिजन को भी घटना की जानकारी पुलिस से मिली थी।

### लोडिंग वाहन से सब्जी बेचने विदिशा निकला था युवक, खेत में मिली थी लाश


# सरपंच के बेटे की गला रेतकर हत्या, हिरासत में महिला और उसका साथी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव दामखेड़ा में सरपंच के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश रविवार सुबह गांव में रहने वाले गोलू साहू के खेत में गेहूं क फसल के बीच पड़ी मिली। लाश से करीब बीस मीटर की दूरी पर काफी खून पड़ा मिला है। अनुमान है कि उसकी हत्या इसी जगह करने के बाद लाश गेहूं की फसल के बीच ले जाकर फेंकी गई है। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार नहीं मिला है।**

प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा था और पुलिस ने उक्त मामले में एक महिला और उसके साथी को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपियों ने हत्या करने की बात स्वीकार ली है। पुलिस जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी दिखाकर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करेगी।

पुलिस के अनुसार विशाल कुशवाह पिता रमेश कुशवाह (26) गांव दामखेड़ा, तहसील बैरसिया में रहता था। उसकी मां फूलबाई गांव की सरपंच है। विशाल खेती किसानी करता था और घर का बड़ा बेटा था। खेत से निकली सब्जी वह लोडिंग वाहन से बेचने अक्सर विदिशा जाता था। शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास वह लेकर लोडिंग आटो से विदिशा जाने के लिए निकला था। उसके साथ उसका दोस्त बबलू था। सब्जी लोड होने के बाद कुछ ही दूर पहुंचने पर विशाल ने बबलू से कहा कि उसे जरूरी काम आ गया है और घर जाना पड़ेगा। इसके बाद वह बबलू को लोडिंग वाहन में छोड़कर निकल गया। करीब एक घंटे बाद बबलू ने विशाल को कॉल किया, लेकिन विशाल ने कॉल रीसिव नहीं किया।



### गेहूं के खेत में फेंकी थी लाश

घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि विशाल की हत्या खेत में करने के बाद उसकी लाश गेहूं के खेत में फेंकी गई थी। उसका गला किसी बड़े धारदार हथियार से रेता गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विशाल की शादी को अभी एक वर्ष ही पूरे हुए थे। पुलिस का अनुमान है कि हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई है। पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ की गई और उन्होंने हत्या की बात स्वीकार ली है।

### पिता को किया कॉल

**बार-बार** कॉल करने के बाद भी जब विशाल का कॉल रीसिव नहीं हुआ तो बबलू को अनहोनी की आशंका हुई। बबलू के विशाल के पिता रमेश कुशवाह को कॉल किया। उसने बताया कि विशाल उसे छोड़कर घर निकला है और उसका कॉल रीसिव नहीं कर रहा है। रमेश ने बताया कि विशाल घर नहीं आया। अब पिता रमेश भी विशाल को कॉल कर रहे थे, लेकिन विशाल का कॉल रीसिव नहीं हो रहा था। बबलू और विशाल के परिजन विशाल की तलाश में जुट गए। रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे के आसपास परिजन ने विशाल की लाश गांव में रहने वाले गोलू साहू के खेत में पड़ी देखी थी। उसका गला बुरी तरह से रेता हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि जिस जगह से लाश बरामद की गई है उससे बीस मीटर की दूरी पर काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण कर युवक ने किया शारीरिक शोषण



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की की रिपोर्ट पर एक युवक के खिलाफ अपहरण कर शारीरिक शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद घर पर ही रहती है। मोहल्ले में रहने वाले राजेश यादव नामक युवक को वह पिछले कुछ महीने से जानती है। इस दौरान राजेश ने किशोरी से दोस्ती बढ़ाई और करीब एक महीने पहले उसे रात के समय घर के बाहर बुलाकर अपने साथ ले गया और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने कई बार किशोरी का शोषण किया। शुक्रवार रात भी आरोपी ने उसे घर के बाहर बुलाया था, तभी परिजनों की नजर पड़ी तो किशोरी से पूछताछ की। डरी-सहमी पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद घरवाले उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

उत्कृष्ट चिकित्सा सम्मान





राजधानी की न्यूरो फिजिशियन डॉ. अंशुल परिहार को उत्कृष्ट चिकित्सा सम्मान से भोपाल एम्स में सम्मानित किया गया। उन्हें पद्मभूषण डॉ. अशोक लक्ष्मणराव कुकड़े ने पुरस्कार दिया।

# अपोलो मल्टीकेयर क्लीनिक से लाखों की मशीनें व उपकरण चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर में अपोलो मल्टीकेयर क्लीनिक का ताला काटकर बदमाश डेंटल मशीन व अन्य कीमती उपकरण समेत लाखों का सामान चुरा ले गए। क्लीनक पिछले दस दिन से बंद था। शनिवार को चोरी होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने महिला डॉक्टर की शिकायत पर नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक त्रिवेणी अपार्टमेंट

### 10 दिन से बंद क्लीनिक के ताले काटकर सेंधमारी



करोंद निवासी डॉ. फौजिया रहमानी (34) और उनके पति डॉक्टर हैं। कल्याण नगर में उनका अपोलो मल्टीकेयर क्लीनिक है। पति की तबियत खराब होने की वजह से क्लीनिक पिछले दस दिन से बंद था। शनिवार को डॉ. फौजिया रहमानी ने क्लीनिक में काम करने वाले कर्मचारी को भेजा तो पता चला कि क्लीनक के शटर के ताले कटे हुए हैं। जानकारी मिलते ही वह फौरन पहुंच गईं। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी। फरियादिया का कहना है कि क्लीनिक में रखी डेंटल मशीन व अन्य कीमती उपकरण गायब हैं। एएसआई जावेद खान का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि किसी परिचित अथवा जानकार व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया है। घटनास्थल के आसपास कहीं सीसीटीवी कैमरे भी नहीं मिले हैं।

मेट्रो एंकर

### ठेकेदार काम के लिए लेकर गया था साथ

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांधी नगर में रहने वाले युवक को ठेकेदार अपने साथ काम का कहकर ले गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

अस्पताल बयान लेने पहुंची पुलिस का कहना है कि युवक बेहोश था और बयान देने की स्थिति में नहीं था। कल रविवार को युवक की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। ठेकेदार का कहना है कि उसका एक्सीडेंट हुआ था, लेकिन उसे सिर्फ नाक और मुंह में चोट थी। लिहाजा एक्सीडेंट की बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद इरशाद खान पिता इशाक खान (34) गांधी नगर में रहता था। गत 5 मार्च की सुबह उसे घर से ठेकेदार नासिर ले गया था। इरशाद सेंट्रिंग का काम करता था। इसके बाद नासिर ने उसे जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया। जय प्रकाश अस्पताल में हालात बिगड़ती देख उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस की टीम जय प्रकाश अस्पताल पहुंची तो पता चला कि वह हमीदिया अस्पताल में है। पुलिस की टीम हमीदिया अस्पताल पहुंची। वहां पता चला कि परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंचकर इरशाद के बयान दर्ज करने चाहे थे, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं था।

### ठेकेदार के बयान में विरोधाभास




पुलिस ने इरशाद के पिता से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि इरशाद का हबीबगंज में कहीं एक्सीडेंट हो गया था। नासिर ने भी एक्सीडेंट की बात कही, लेकिन इरशाद को केवल मुंह और नाक में ही चोट ?थी। इसके अलावा शरीर में कहीं भी चोट नहीं ?थी। पुलिस का कहना है कि ठेकेदार से पूछताछ की गई और उससे घटनास्थल पूछा गया, लेकिन वह घटनास्थल भी नहीं बता सका। पुलिस ठेकेदार को पूछताछ के लिए बुलाएंगी और पीएम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022